उज्जैन
शुक्रवार
15
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-191
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मंदाना करीमी ने 16 साल बाद भारत छोड़ा अब यहां घर जैसा नहीं लगता, पहले कहा था इंडिया ने मुझे धोखा दिया



## केजरीवाल पर जस्टिस स्वर्णा शर्मा ने शुरू की आपराधिक अवमानना कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजनीति और न्यायपालिका के बीच गुरुवार को उस समय बड़ा टकराव खुलकर सामने आ गया



जब दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दे दिया। अदालत ने आरोप लगाया कि इन नेताओं द्वारा सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों के जरिए न्यायपालिका की छवि धूमिल करने और अदालत पर दबाव बनाने की कोशिश की गई।

## केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक 21 मई को, पीएम मोदी अध्यक्षता करेंगे

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक 21 मई को होने की संभावना है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सभी केंद्रीय मंत्रियों, स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्रियों और अन्य केंद्रीय राज्य मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के अलग-अलग पहलुओं के अलावा, मंत्रालयों और विभागों के कामकाज की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। मोदी 3.0 सरकार के दो साल पूरे होने से पहले कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस सरकार ने 10 जून, 2024 को शपथ ली थी। सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट का विस्तार और फेरबदल जून के दूसरे सप्ताह में हो सकता है।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति ईरानी एक्ट्रेस को मैसेज करते थे

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को वियतनाम में उनकी पत्नी ब्रिजित मैक्रों ने ईरानी मूल के एक्ट्रेस के कारण थप्पड़



मारा था। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, यह दावा फ्रांसीसी पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने अपनी नई किताब 'एन (ऑलमोस्ट) परफेक्ट कपल' में किया है। यह किताब बुधवार को प्रकाशित हुई। किताब में कहा गया है कि यह विवाद ईरानी मूल की अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच कथित चैट की वजह से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों अभिनेत्री को मैसेज भेजते थे। एक मैसेज में उन्होंने कथित तौर पर लिखा था, 'मुझे तुम बहुत खूबसूरत लगती हो।'

## ईडी ने कोलकाता पुलिस के डीसीपी को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** ईडी ने कोलकाता पुलिस के डीसीपी शांतनु सिन्हा घोष को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कई बार समन जारी किए गए, लेकिन वह पेश नहीं हो रहे थे, जिसके बाद उनके खिलाफ लुक-आउट नोटिस भी जारी किया गया। उनकी गिरफ्तारी सोना पप्पू केस में जांच के दौरान हुई। ये मामला कोलकाता में जमीन हड़पने, जबरन वसूली और रियल एस्टेट से जुड़े बड़े वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों से जुड़ा है। वहीं, नगर निगम ने गुरुवार को बुलडोजर से तृणमूल कांग्रेस का एक दफ्तर और एक क्लॉक टावर गिरा दिया। स्थानीय लोगों ने काफी समय पहले इसके अवैध होने की शिकायत की थी। साल 2025 में ही कोर्ट ने इसे गिराने का आदेश दे दिया था, लेकिन तब अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाया।

### पेपर लीक केस में अब तक 7 गिरफ्तारियां

# नीट परीक्षा 21 जून को होगी

## नीट फर्जीवाड़ा : आरजेडी के राष्ट्रीय सचिव, डॉक्टर समेत 4 गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने भारत सरकार की मंजूरी के साथ नीट-यूजी रीएग्जाम की नई तारीख की घोषणा कर दी है। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। यह परीक्षा 3 मई को हुई थी। इसमें 22.79 लाख स्टूडेंट्स बैठे थे। पेपर लीक के आरोप के चलते 12 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस कैंसिल कर दिया था।

नई एग्जाम डेट के साथ स्टूडेंट्स को राहत दी गई है कि उन्हें परीक्षा के लिए दोबारा अप्लाई नहीं करना होगा। कोई एक्स्ट्रा एग्जाम फीस नहीं देनी होगी। पहले से जमा फीस वापस मिलेगी। इसके अलावा स्टूडेंट्स के एग्जाम सेंटर भी नहीं बदले जाएंगे। एनटीए के एक्स पोस्ट के मुताबिक नए एडमिट कार्ड देने का




शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर गुरुवार को हाईलेवल बैठक हुई थी। नीट-यूजी 2026 परीक्षा के रद्द होने के दो दिन बाद हुई मीटिंग में दोबारा एग्जाम कराने पर चर्चा हुई थी।

दिल्ली पुलिस की तरफ से गिरफ्तार चार आरोपियों में से एक राजद के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार जायसवाल भी हैं। पुलिस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि जायसवाल पूरे नेक्सस का किंगपिन है।

### दिल्ली पुलिस ने संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया

सीबीआई ने मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने 5 आरोपियों को 7 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। वहीं, राजस्थान के सीकर से आरोपी मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया। शुभम ने ही यश को पेपर दिया था। नीट पेपर लीक के बाद 12 मई को एग्जाम कैंसिल कर दिया था। जांच सीबीआई को दी गई। इधर, मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर दिल्ली पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया। यह नीट अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी करता था।

## यूपी में आंधी-बारिश से मौत का आंकड़ा 111 पहुंचा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राज्य में 111 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इन मौतों पर दुख जताया। उधर का देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। जलगांव, वर्धा और अमरावती में भी पारा 45 डिग्री के ऊपर दर्ज हुआ। राजस्थान के फलोदी में तापमान 45.2 डिग्री, जैसलमेर और बाड़मेर में 45.1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

## पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष के अधिकार छीने

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ ग्वालियर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील के बीच मध्यप्रदेश में वाहन रैली और शक्ति प्रदर्शन पर सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनके सभी प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार अगले आदेश तक निरस्त कर दिए गए हैं। वहीं भिंड में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव की नियुक्ति भी 18 दिन में निरस्त कर दी गई है। मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ने अपना रसूख दिखाते हुए करीब 700 वाहनों का काफिला निकाला और उज्जैन से भोपाल पदभार ग्रहण करने पहुंचे। इससे रास्ते में कई जगह जाम की स्थिति बनी रही। सीएम ऑफिस की ओर से जारी नोटिस में कहा कि सौभाग्य सिंह ने पदभार संभालने के दौरान विशाल वाहन रैली निकाली। इसे सरकारी दिशानिर्देशों और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना के विपरीत माना गया है। मामले के अंतिम निर्णय तक उन्हें निगम कार्यालय में प्रवेश, बैठकों में भाग लेने, प्रशासनिक निर्णय लेने और किसी कर्मचारी को निर्देश जारी करने से भी रोक दिया गया है।

**700 गाड़ियां लेकर पहुंचे थे भोपाल**

## पेट्रोल-डीजल 3 रु. प्रति लीटर महंगे हुए

### कंपनियों को अभी भी 25-30 घाटा




**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने होंगे।

### अन्य चीजों के दाम भी बढ़ सकते हैं

- **मालभाड़ा बढ़ेगा:** ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे।
- **खेती की लागत:** ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।
- **बस-ऑटो का किराया:** सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।

### कीमतों में क्यों हुई बढ़ोतरी?

- इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं।
- क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

# कराची की कोकीन क्वीन पिंकी गिरफ्तार

## 800 वीआईपी क्लाइंट्स और लड़कियों की गैंग से चलाती थी ड्रग्स साम्राज्य

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कराची

पाकिस्तान के कराची शहर में पिछले 17 वर्षों से कथित तौर पर नशे का बड़ा नेटवर्क चला रही कोकीन क्वीन अनमोल उर्फ पिंकी की गिरफ्तारी ने पूरे पाकिस्तान में सनसनी फैला दी है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार की गई पिंकी पर आरोप है कि वह कराची के पॉश इलाकों, हाई-प्रोफाइल पार्टियों और बड़े कॉलेजों में कोकीन और अन्य नशीले पदार्थों की सप्लाई करती थी। जांच एजेंसियों का दावा है कि उसके नेटवर्क में 800 से ज्यादा वीआईपी क्लाइंट शामिल थे, जिनमें प्रभावशाली कारोबारी, पार्टी सर्किल से जुड़े लोग और उच्च वर्ग के



युवा शामिल बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिंकी का ड्रग्स नेटवर्क बेहद संगठित और हाईटेक तरीके से संचालित होता था। पुलिस से बचने और शक से दूर रहने के लिए उसने महिला राइडर्स की पूरी टीम तैयार कर रखी थी, जो ऑनलाइन ऑर्डर मिलने पर कराची के क्लिफ्टन और डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी जैसे पॉश इलाकों में ड्रग्स की डिलीवरी करती थीं।

## आज भोजशाला पर हाईकोर्ट का फैसला धार में अलर्ट जारी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ धार

धार की विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद मामले में आज मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच फैसला सुना सकती है। वर्षों पुराने इस संवेदनशील विवाद में पांच याचिकाओं और तीन इंटरवेंशन पर सुनवाई पूरी होने के बाद डबल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसले से पहले हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस और मामले की पैरवी कर रहे वकीलों ने सभी समुदायों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

**इंदौर और धार जिले में अलर्ट-** फैसले के मद्देनजर इंदौर और धार जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। शुक्रवार होने से संवेदनशीलता और बढ़ गई है, क्योंकि इसी दिन मुस्लिम समाज भोजशाला परिसर में जुमे की नमाज अदा करता है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अपुष्ट जानकारी साझा नहीं करने की अपील की है।



## खबर एक नजर...

### निर्माणाधीन यूनिट मॉल से गिरे मजदूर की मौत

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के हरिफाटक ब्रिज मार्ग पर यूनिट मॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को मॉल की तीसरी मंजिल पर काम कर रहा था मजूदर अचानक नीचे गिर गया। उसे घायल हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मजदूर मुन्दिर पिता कुलीन्दरसिंह निवासी पंजाब होना सामने आया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। विदित हो कि शहर में सिंहस्थ को लेकर सड़क निर्माण, ब्रिज निर्माण, यूनिटी मॉल के साथ अन्य कार्य चल रहे है। जिसमें देशभर के मजदूर काम के लिये उज्जैन आये हुए है। पिछले कुछ महिनों में चार से पांच मजदूरों की जान निर्माण कार्य के दौरान जा चुकी है। जिसमें एक हादसा इंदौररोड ब्रिज निर्माण के दौरान सरियों का जाल धंसने पर हुआ था। दूसरा क्षिप्रा किनारे घाट निर्माण की मिट्टी धंसने के साथ बड़नगररोड पर निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों की जान जा चुकी है।

### अवैध शराब के साथ हिरासत में आये 2 युवक

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने बुधवार-गुरूवार रात आयुर्वेदिक अस्पताल के पास झुग्गी झोपड़ी से देवीलाल और कन्हैयालाल को हिरासत में लिया। उनके पास से देशी शराब के 40 क्वार्टर बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। शहर में शराब प्रतिबंधित होने के बाद भी अवैध शराब का कारोबार काफी बढ़ गया है। आये दिन अवैध शराब के मामले सामने आ रहे है। अवैध कारोबार में लगे लोग इंदौर-देवास के रास्ते शहर में शराब लाकर बेच रहे है।

### पांच साल बाद भी नहीं मिला धोखाधड़ी करने वाला

**उज्जैन।** कार बाजार में पैसा लगाकर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों रुपए लेकर फरार हुआ आरोपित अब भी नहीं मिल पाया है। धोखाधड़ी के शिकार लोगों ने आवेदन के माध्यम से शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन आरोपित का पता नहीं लगा पाया। नगारची बाखल तांबे वाली गली एटलस चौराहा पर रहने वाले इरफान पिता स्व. रशीद खान को 19 अगस्त 2020 को महावीर नगर गली नम्बर 9 पिपलीनाका पर रहने वाले संजय पिता मोहनलाल पांचाल ने कार बाजार का ब्रोकर बताकर बाहर से सस्ती कारे लाकर शहर और आसपास के क्षेत्र में बेचने बताया। उसने कार बाजार में पैसा लगाने पर मुनाफा होने की बात भी कही थी। इरफान खान ने ऑनलाइन 10 लाख रूपयों का ट्रांजेक्शन संजय पांचाल को कर दिया। कुछ दिनों बाद संजय परिवार सहित लापता हो गया। लाखों की धोखाधड़ी होने पर इरफान खान ने एसपी कार्यालय में आवेदन के माध्यम शिकायत की। जहां से मामले की जांच के निर्देश खाराकुआ थाना पुलिस को दिये गये थे। उस दौरान संजय ने रुपए लौटाने के एवज में चैक दिया था लेकिन वह भी बैंक में लगाने पर बॉउंस हो गया, लेकिन अब तक पुलिस भी धोखाधड़ी करने वाले का पता नहीं लगा पाई।

### मानवता, सेवा और समर्पण ही है सच्ची भक्तिः सतगुरु माता सुदीक्षा जी

**उज्जैन।** संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में उज्जैन स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में भावपूर्ण सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवास से आए मुखी किशन लाल जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन संदेशों और शिक्षाओं को साझा किया। मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि समालखा (दिल्ली) स्थित आध्यात्मिक स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में हुए मुख्य समागम के संदेशों को उज्जैन की संगत के बीच रखा गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि बाबा हरदेव सिंह का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का एक दिव्य उदाहरण रहा है।

# उज्जैन कलेक्टर रात में औचक निरीक्षण पर पहुंचे

## गेहूं की तौल प्रक्रिया की पारदर्शिता जांची और अधिकारियों को समय पर खरीदी पूरी करने तथा गेहूं का परिवहन तेज करने के निर्देश दिए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार रात बड़नगर के चिकली उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं की तौल प्रक्रिया की पारदर्शिता जांची और अधिकारियों को समय पर खरीदी पूरी करने तथा गेहूं का परिवहन तेज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह देर रात केंद्र पर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने समिति प्रबंधक से तौल कांटों की संख्या और उनके संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्लॉट बुकिंग के आधार पर आने वाले किसानों की तुलाई निर्धारित समयसीमा में ही पूरी की जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े।

कलेक्टर ने खरीदे गए गेहूं के तुरंत परिवहन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर अनावश्यक स्टॉक जमा न होने दिया जाए, जिससे भंडारण और सुरक्षा संबंधी समस्याएं न हों। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों से भी सीधी बात की। किसान पदम सिंह आंजना ने बताया कि उन्होंने 14 मई का स्लॉट बुक किया था और उनकी तुलाई समय पर पूरी हो गई। कलेक्टर ने इसकी पुष्टि के लिए उनके तौले गए गेहूं का वजन दोबारा करवाया, जिसमें सब कुछ सही पाया गया।

समिति प्रबंधक ने बताया कि चिकली उपार्जन केंद्र पर अब तक 665 किसानों से 39,365 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 10 करोड़ 33 लाख रुपए से अधिक का भुगतान भी किया गया है। केंद्र पर 900 से अधिक बारदाना उपलब्ध है, जिससे खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। केंद्र पर तौल का कार्य सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लगातार जारी रहता है। कलेक्टर के निरीक्षण के समय भी रात में तुलाई का काम चल रहा था, जो केंद्र की सक्रियता को दर्शाता है।

# नागझिरी के 25 परिवार जलसंकट से परेशान, घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



गर्मी बढ़ने के साथ शहर में जल संकट गहराने लगा है। नागझिरी क्षेत्र के न्यू इंदिरानगर कॉम्प्लेक्स वाली गली में करीब 25 परिवार पिछले कई दिनों से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं।

रहवासियों का आरोप है कि शिकायतों के बाद पीएचई अधिकारियों ने 8 दिन में नए कनेक्शन और समस्या समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन 16 दिन से ज्यादा समय गुजरने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। इससे नाराज महिलाएँ गुरुवार सुबह पीएचई की पानी की टंकी स्थित ऑफिस पहुँचीं और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी सिर्फ. आश्वासन मिला और काम शुरू नहीं हुआ तो वे सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर शिकायत करेंगी। फि लहाल पीएचई अधिकारियों ने फिर से 8 दिन में नए कनेक्शन का काम शुरू करने का भरोसा दिया है।

रहवासियों के मुताबिक क्षेत्र में पूरे साल साफ पानी की समस्या बनी रहती है, लेकिन गर्मी में हालात और बिगड़ जाते हैं। वर्तमान में कई घरों के नलों में पानी आना पूरी तरह बंद हो चुका है। मजबूरी में महिलाएँ कम्युनिटी हॉल के सामने लगे हैंडपंप से पानी भरकर ला रही हैं, जबकि कई परिवार पीने के पानी के लिए पैसे खर्च कर पानी खरीदने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कम्युनिटी हॉल में इन दिनों शादियाँ होने के कारण वहाँ से पानी भरना भी मुश्किल हो रहा है। रहवासियों के अनुसार उनके घरों में सालों पहले नल कनेक्शन दिए थे, लेकिन जल प्रदाय के समय पर्याप्त प्रेशर नहीं बन पाता।

क्षेत्र ऊँचाई पर होने से पानी टंकी से घूमकर आता है और मौजूदा कनेक्शन छोटी पाइपलाइन से जुड़ा होने के कारण सप्लाई बाधित रहती है। रहवासियों का कहना है कि उनके क्षेत्र से करीब 100 मीटर दूरी पर मुख्य पाइपलाइन मौजूद है। यदि वहाँ से सीधा कनेक्शन दिया जाए तो पूरे इलाके की समस्या दूर हो सकती है।

# अब मोबाइल एप से होगी दूध की टेस्टिंग

## किसानों को तुरंत मिलेगी रिपोर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



दुग्ध संग्रह प्रणाली को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा समितियों में मोबाइल आधारित मिल्क टेस्टिंग एप लागू किया जा रहा है। इसके सुचारू संचालन के लिए 14 मई 2026 को उज्जैन स्थित प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्रीय अमले और दुग्ध समितियों के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन के प्रभारी प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि इस एप के माध्यम से दूध के फैट, एसएनएफ सहित अन्य गुणवत्ता मानकों की जांच तुरंत की जा सकेगी। इससे किसानों को उनके द्वारा दिए गए दूध की गुणवत्ता की जानकारी तत्काल मिलेगी और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड स्टाफ और समितियों को एप के संचालन, गुणवत्ता परीक्षण, डेटा एंट्री और रिपोर्टिंग का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस प्रणाली के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अब इसे व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। इस डिजिटल पहल से दुग्ध संग्रह प्रक्रिया अधिक तेज और विश्वसनीय बनेगी, जिससे गुणवत्ता आधारित भुगतान प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने में मदद मिलेगी।

# सीईओ के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक

## अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था और चिकित्सकों की उपस्थिति रजिस्टर देखा। निरीक्षण में कई विभागों में चिकित्सक निर्धारित समय पर अनुपस्थित पाए गए।

सीईओ ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी चिकित्सकों को सुबह 9 बजे से अस्पताल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा।

कुमट ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और कमिश्नर हेल्थ स्तर से लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि सभी चिकित्सक सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे से 6 बजे तक अस्पताल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। इसके बावजूद कुछ विभागों में लापरवाही सामने आ रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई बार चिकित्सकों को इस संबंध में चेतावनी दी जा चुकी है और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

**साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाएं भी देखीं**-निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अस्पताल में वार्डों का भी दौरा किया और साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा, रिकॉर्ड व्यवस्था तथा चिकित्सकीय सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल की लिफ्टों की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की। सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया ने बताया कि अस्पताल को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा यह निरीक्षण किया गया। अस्पताल प्रशासन ने यह भी जानकारी दी कि अगले माह राष्ट्रीय असेसमेंट होना है, जिसके चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जा रहा है।

उज्जैन
शुक्रवार
15
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

स्वच्छन्दत्वं धनार्थित्वं प्रेमभावोऽथ भोगिता।
अविनीतत्वमालस्यं विद्याविघ्नकराणि षट्॥

अर्थः स्वतन्त्रता, धन का मोह, प्रेम में पड़ना, तल्लीन होना, मोह में पड़ना ये छह भी शिक्षा प्राप्ति में बाधक हैं।

## खबर एक नजर...

### बेटे और पत्नी पर चाकू से हमला, घरेलू विवाद में पिता बना हमलावर

**इंदौर।** खजराना इलाके में गुरुवार सुबह घरेलू विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक व्यक्ति ने अपने ही बेटे और पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय साजिद खान पर उसके पिता जाहिद ने चाकू से हमला किया। बीच-बचाव करने आई पत्नी शमा को भी आरोपी ने घायल कर दिया। परिचितों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से साजिद और उसके पिता जाहिद के बीच विवाद चल रहा था। गुरुवार सुबह जब साजिद घर में सो रहा था, तभी जाहिद ने अचानक उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में साजिद के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि उसकी मां शमा के हाथ में चोट लगी है। घटना के बाद दोनों घायलों को परिचित इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी जाहिद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने जांच के लिए फुटेज अपने कब्जे में ले लिया है।

### नामी स्कूल में समर कैंप के दौरान छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस पहुंची

**इंदौर।** इंदौर के एक नामी स्कूल में समर कैंप के दौरान 13 साल की एक छात्रा ने शिक्षक पर बैड टच करने का आरोप लगाया है। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल महिला पुलिस और फीमेल स्टाफ की मौजूदगी में पूछताछ की जा रही है। मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। राजेंद्र नगर टीआई यशवंत बड़ोले ने बताया कि गुरुवार रात इलाके के एक निजी स्कूल में छेड़छाड़ की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। छात्रा के परिजन के अनुसार, स्कूल में 3 मई से समर कैंप चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विनोद नाम का शिक्षक छात्राओं के साथ अनुचित तरीके से बैड टच करता था। छात्रा ने इसकी जानकारी अपने परिवार को दी, जिसके बाद परिजन रात में स्कूल पहुंचे और पुलिस को बुलाया। टीआई के मुताबिक, अभी किसी छात्रा से बातचीत नहीं हो सकी है। पूछताछ के लिए महिला स्टाफ को बुलाया गया है। थाने में फिलहाल किसी तरह की शिकायत नहीं आई थी।

### 8 करोड़ की टैक्स चोरी, इंदौर में एप से किराए पर चला रहे निजी कारें

**इंदौर।** एप आधारित सेल्फ-ड्राइव रेंटल कार को लेकर अब परिवहन विभाग कार्रवाई की तैयारी में है। इंदौर में। हजार से ज्यादा कारें इन एप्स पर अटैच हैं। ये कारें आरटीओ में निजी श्रेणी में रजिस्टर्ड हैं जबकि इन्हें टैक्सी के रूप में चलाया जा रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे 8 करोड़ रुपए से ज्यादा की टैक्स चोरी हो रही है। ट्रैवल एक्सपर्ट अंकित शुक्ला का कहना है कि वास्तविक संख्या 5 हजार तक हो सकती है। लोग व्यावसायिक टैक्स, परमिट और अन्य शुल्क बचाने के लिए निजी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। मप्र परिवहन आयुक्त उमेश जोगा का कहना है कि अगर अवैध गतिविधि की जा रही है, तो कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ प्रदीप शर्मा का कहना है कि रैंडम बुकिंग कर गाड़ियों की जांच की जाएगी। नियम टूटने पर वाहन जब्त किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक इंदौर में करीब 19 हजार वाहन टैक्सी कैब के रूप में पंजीकृत हैं।

## वेतन रोकने के विरोध में प्रदर्शन, प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

# इंदौर एमवायएस में डॉक्टरों का पेन डाउन आंदोलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं उससे संबद्ध अस्पतालों के चिकित्सकों ने मंगलवार को एम.वाय. अस्पताल के मेन गेट पर पेन डाउन विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन इंदौर के आह्वान पर किया गया। डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर बिना किसी आदेश और सूचना के चार वरिष्ठ डॉक्टरों का वेतन रोकने का आरोप लगाया।

एमटीए के अनुसार संगठन के अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े सहित डॉ. धर्मेंद्र झंवर, डॉ. अतुल शेंडे और डॉ. पाली रस्तोगी का मार्च और अप्रैल 2026 का वेतन अब तक जारी नहीं किया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि वेतन रोकने संबंधी कोई लिखित आदेश या कारण भी उन्हें नहीं बताया गया।

प्रदर्शन में एमजीएम मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, एमवाय अस्पताल, मानसिक चिकित्सालय,



चाचा नेहरू अस्पताल, एमटीएच अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और एमआरटीबी अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों ने भाग लिया। इस दौरान डॉक्टरों ने नारेबाजी कर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

समर वेकेशन पर जा चुके कई चिकित्सकों ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**ओपीडी और शिक्षण कार्य प्रभावित-** पेन डाउन आंदोलन के कारण अस्पतालों की नियमित सेवाएं, बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) कार्य, व्याख्यान और अन्य शिक्षण गतिविधियां प्रभावित रहीं। हालांकि आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत जारी रखी गईं ताकि गंभीर मरीजों को परेशानी न हुई।

### चर्चा के बावजूद नहीं हुआ समाधान

एमटीए सचिव डॉ. अशोक ठाकुर ने बताया कि संगठन ने इस मामले को लेकर 23 अप्रैल, 5 मई और 9 मई को मेडिकल कॉलेज प्रशासन से चर्चा की थी। इसके अलावा 8 मई और 12 मई को डीन के नाम ज्ञापन देकर वेतन जारी करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि समय सीमा समाप्त होने के बावजूद वेतन का भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते चिकित्सकों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

### वेतन रोकना मौलिक अधिकारों का हनन

एमटीए अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े ने कहा कि वेतन कर्मचारी का मौलिक अधिकार है और बिना किसी आधार, आदेश या सूचना के वेतन रोकना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने इसे डॉक्टरों के अधिकारों का हनन बताया। सचिव डॉ. अशोक ठाकुर ने कहा कि यह केवल चार डॉक्टरों के वेतन का मुद्दा नहीं बल्कि डॉक्टरों के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा मामला है।

**दोषियों पर कार्रवाई की मांग-** एमटीए ने मांग की है कि पिछले दो माह से वेतन रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी-** एमटीए इंदौर ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही चारों डॉक्टरों का बकाया वेतन जारी नहीं किया गया तो राज्य इकाई पीएमटीए के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# फिजिकल रिलेशन से नाखुश पत्नी ने मांगा तलाक

## 800 परिवारों के झगड़े समाज की पंचायत में सुलझे, 60% में 'सेक्स' असंतुष्टि बनी वजह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक महिला हर हाल में तलाक लेना चाहती थी। शादी के बाद से ही वह पति के साथ संबंध को लेकर संतुष्ट नहीं थी। ऐसे में पत्नी चाहती है कि वह जल्द से जल्द अपने पति को छोड़ दें। पति और उसका परिवार उसे रखना चाहते हैं। घर की चार दीवारों में शुरू हुआ विवाद बाहर आने लगा।

कहासुनी बढ़ती जा रही थी। परिवार ने समाज की पंचायत के पास बात पहुंचाई। दोनों पक्षों को सुना गया। पत्नी के आरोपों की डॉक्टरों से जांच कराई गई। आखिरकार, मामला सुलझ गया। अब दोनों साथ में रहते हैं।

आज 15 मई को परिवार दिवस है। इस मौके पर इंदौर की आबादी में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले सिंधी समाज के प्रयासों की कहानी बता रहा है। समाज के छोटे-छोटे झगड़ों को सुलझाने लिए 17 जुलाई 2023 से हुई पहल ने अब तक 800 से ज्यादा विवादों को सुना है। खास बात यह है कि जब समाज के मामलों को सुना गया तो इनमें ज्यादा पति-पत्नी में फिजिकल रिलेशन में असंतुष्टि के सामने आए। कई परिवार बिखरने की कगार पर थे, लेकिन समाज के पंचों की सूझ-बूझ से मामला न केवल सुलझा बल्कि आज वे परिवार सुखी जीवन जी रहे हैं।

**हर मामला अलग, उसे अलग तरीके से सुलझाया-** केंद्र के संस्थापक सदस्य किशोर कोडवानी ने बताया कि हमारे पास अब तक आए कुल विवादों में 48% दाम्पत्य से जुड़े हैं। 18% पारिवारिक, 17% संपत्ति, 12% आर्थिक और 10% सामाजिक मामलों से संबंधित हैं। एक फीसदी मामले ऐसे भी थे, जो सुनवाई योग्य नहीं थे। ऐसे मामलों को निरस्त कर दिया गया।

दाम्पत्य से जुड़े मामलों में 60% केस शारीरिक संबंधों में असंतोष से जुड़े हैं। इनमें मेडिकल, पारिवारिक परिस्थितियां, मेंटल कंडीशन, फिजिकल रिलेशन और लाइफ स्टाइल जैसे कारण शामिल हैं। कुछ विवाद मनोवैज्ञानिक आधार पर भी सामने आए हैं। ऐसे मामलों में हमने मनोवैज्ञानिकों की मदद से काउंसलिंग कराई है।

**डॉक्टरों से भी कराई जाती है काउंसलिंग-** मध्यस्ता केंद्र में पहुंचे विवादों में अगर कोई विवाद मेडिकल परिस्थितियों के कारण होता है तो हमारे समाज के डॉक्टरों से संवाद कर उसे सुलझाने की कोशिश की जाती है। हर मामला अलग होता है और उसे अलग तरीके से सुलझाना पड़ता है। कुछ झगड़े परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर भी सामने आए हैं। उदाहरण के तौर पर, यदि लड़की आर्थिक रूप से सक्षम परिवार से आई है और लड़के का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, तो दोनों की जीवनशैली और रहन-सहन में अंतर आ जाता है। रीति-रिवाजों में फर्क के कारण भी विवाद पैदा होते हैं। सिंधी पंचायत ने समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का सर्वे भी किया। उनके पास आए बायोडेटा में अलग-अलग ऐज ग्रुप में बड़ा अंतर देखने को मिला। सर्वे में पता चला कि 22 से 29 साल की उम्र के 34% लड़के और 39% लड़कियां अविवाहित हैं। यानी इस आयु वर्ग में लड़कों की तुलना में 5% लड़कियां ज्यादा अविवाहित हैं।

# नकली हिट और गुड नाइट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में नकली कीटनाशक और मच्छर भगाने वाले उत्पादों का कारोबार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। गुरुवार को क्राइम ब्रांच और हीरानगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। आरोपी गोदरेज कंपनी के नकली हिट और गुड नाइट उत्पाद बेच रहे थे। पुलिस ने दो आरोपियों महेश चौहान और हरीश चावड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 30 हजार रुपए कीमत का नकली माल जब्त किया गया है। मामले में गोदरेज कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स से जुड़ी आईपीआर सर्विसेस के असिस्टेंट मैनेजर सुभाष शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि महेश चौहान और हरीश चावड़ा बाजार में कंपनी के नकली उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के बाद क्राइम ब्रांच, हीरानगर पुलिस और कीटनाशक निरीक्षक सीएल मालवीय की टीम ने दीनदयाल उपाध्याय नगर और सुखलिया इलाके में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास रखी चार बोरियों की तलाशी ली गई, जिसमें बड़ी मात्रा में नकली हिट स्प्रे और गुड नाइट रिफिल पैक बरामद हुए। जांच में पुलिस ने 70 बोतल काला हिट एंटी मॉस्किटो स्प्रे, 26 बोतल लाल हिट एंटी कॉकरोच स्प्रे और 1450 गोदरेज गुड नाइट मॉस्किटो रिपेलेंट रिफिल पैक जब्त किए। विशेषज्ञों की जांच में ये उत्पाद प्रथम दृष्टया नकली और अमानक पाए गए।

# सराफा में देर रात ताले तोड़ने पहुंचे बदमाश, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सराफा इलाके में सोमवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। तीन से ज्यादा बदमाश धान गली में पहुंचे और यहां चोरी की वारदात को अंजाम देने के साथ कई दुकानों के ताले तोड़ने की कोशिश की। बदमाशों की पूरी करतूत इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

जानकारी के मुताबिक बदमाश देर रात धान गली पहुंचे थे। यहां से उन्होंने गैस भट्टी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके बाद उन्होंने आसपास की दुकानों को भी निशाना बनाने की



कोशिश की। इसी दौरान इलाके के रहवासियों की नजर बदमाशों पर पड़ गई। लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी बौखला गए और गली में खड़ी कई दोपहिया गाड़ियों को गिरा दिया।

हंगामे के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की जांच शुरू की। रहवासियों ने रात में बनाए गए वीडियो और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिए हैं।

इलाके के लोगों ने बदमाशों की गतिविधियों के वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किए थे। पुलिस अब इन फुटेज और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

**पुलिस बोली- जल्द होंगे गिरफ्तार-** मामले में सराफा थाना टीआई राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि आरोपियों के बारे में अहम जानकारी मिल चुकी है। आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### किंकिणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव 16 मई से

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में एक बार फिर शास्त्रीय नृत्य का वृहद आयोजन होने जा रहा है। प्रतिभा संगीत कला संस्थान उज्जैन के तत्वावधान में 16 और 17 मई को कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में सातवां किंकिणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव 2026 आयोजित होगा। इस प्रतिष्ठित समारोह में बनारस घराने की सुप्रसिद्ध नृत्य गुरु डॉ. पूनम व्यास को कला क्षेत्र में उनके 50 वर्षों के सुदीर्घ योगदान के लिए स्व. पंडित कुंदनलाल गंगानी स्मृति नृत्यालंकरण से सम्मानित किया जाएगा। संस्थान की निदेशक इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी एलची ने बताया कि समारोह में देश भर से नवोदित और स्थापित कलाकारों का समागम होगा। दो दिवसीय इस उत्सव में अखिल भारतीय शास्त्रीय और उपशास्त्रीय कथक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा कला साधकों को गुरु पंडित राजेंद्र गंगानी युवा कथक अलंकरण प्रदान किया जाएगा। नृत्यालंकरण से सम्मानित होने जा रहीं उज्जैन की डॉ. पूनम विख्यात नर्तक गोपी कृष्ण की शिष्या रही हैं। उन्होंने अपने पिता मृदंगाचार्य पंडित रामदास के मार्गदर्शन में कला के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उनके तैयार किए हुए शिष्य वर्तमान में देश-विदेश में भारतीय संस्कृति का परचम लहरा रहे हैं।

### कॉमर्स में युवराज और विज्ञान में ध्रुव रहे प्रथम

**उज्जैन।** महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के आलोक इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विज्ञान और कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्राचार्या यामिनी पाटनकर ने बताया कि कॉमर्स संकाय में युवराज सिंह परिहार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में अलीना ग्रोवर द्वितीय और हंसा कुंवर राठौड़ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, विज्ञान संकाय में ध्रुव आंजना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने प्रसन्नता व्यक्त की। परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम, अनुशासन, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

#### प्रथम खलीफा स्व. नंदकिशोर केवलिया के निधन के बाद 7 माह से रिक्त था पद, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ समारोह

# पं. लव मेहता का द्वितीय खलीफा के रूप में पट्टाभिषेक





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

छोटा सराफा जहाज गली स्थित सुप्रसिद्ध श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मंडल के प्रांगण में स्थापित अकल चबूतरा एवं खाऊं मंडली परिवार ने पं. लव मेहता को अपना नया और द्वितीय खलीफा घोषित किया है। 13 मई की शाम को आयोजित एक गरिमामय समारोह में उनका विधि-विधान से पट्टाभिषेक किया गया। उल्लेखनीय है कि यह संस्था लंबे समय से सामाजिक, रचनात्मक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से मानवीय सेवा कार्यों में सक्रिय है।

संस्था के प्रथम खलीफा और सभी के मार्गदर्शक वरिष्ठ समाजसेवी स्व. नंदकिशोर केवलिया 'नंदूभाऊ' का विगत 13 अक्टूबर 2025 को देवलोकगमन हो गया था। उनके निधन के बाद से यह पद पिछले सात माह से रिक्त था। 13 सितंबर को स्व. केवलिया का जन्मदिन भी होता है। सात माह पूर्ण होने और आगामी अधिकमास को ध्यान में रखते हुए 13 मई के शुभ मुहूर्त में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से सेवाभावी और सक्रिय सदस्य पं. लव मेहता को द्वितीय खलीफा के रूप में गादीपति घोषित किया गया।

मंडली के मीडिया प्रभारी आनंद पुरोहित और अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह की शुरूआत समीप स्थित श्री भैरव महाराज के मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात चल समारोह के रूप में सभी सदस्य भगवान गणपति जी के मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। तदुपरांत जहाज गली स्थित अकल चबूतरे के तख्त पर प्रथम खलीफा स्व. नंदकिशोर केवलिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।

युवा आचार्यों के स्वस्तिवाचन के बीच पं. लव मेहता का पुष्पमाला, मोतियों की माला, इत्र, गुलाब की पंखुड़ियों और केसरयुक्त जल से पट्टाभिषेक किया गया। अंत में उन्हें शॉल, श्रीफल और अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से सुनील व्यास-लता व्यास, अविनाश चतुर्वेदी-ममता चतुर्वेदी, जुगल केवलिया-किरण केवलिया, अरुण केवलिया-आशा केवलिया, अशोक चतुर्वेदी-मिथलेश चतुर्वेदी, आनंद पुरोहित-मीना पुरोहित, भगवान पुरोहित-संतोष पुरोहित, राजसिंह चुंडावत-रेखा चुंडावत, नरेश सिंह चौहान-सुमन चौहान, पं. आशीष केवलिया-टीना केवलिया, हेमंत जैन-श्रीमती जैन, अनिल खंडेलवाल-श्रीमती खंडेलवाल, शैलेंद्र लड्डा-श्रीमती लड्डा, अन्नु दीदी, स्वप्निल व्यास-मेघा व्यास, विजय केवलिया, कृष्ण कुमार खंडेलवाल लड्डू, अजय केवलिया, डॉ. शुभम केवलिया, अक्षय केवलिया, उमेश जैन, रूपेश जैन, संतोष यादव, पं. सोमेश शर्मा, ब्रजभूषण नीमा, अक्षय जैन और उदयवीर सिंह चौहान शामिल थे।

# अक्षत इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया इतिहास

### विगत पांच वर्षों से जिले की प्रावीण्य सूची में विद्यालय का निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में अक्षत इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रचा है। विद्यालय की मानविकी संकाय की मेधावी छात्रा संस्कृति गुप्ता ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान अर्जित किया है। वहीं, वाणिज्य संकाय की प्रतिभाशाली छात्रा ईशा लड्ढा ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

मानविकी संकाय की ही प्रियंशी हाड़ा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी श्रेष्ठ परिणाम दिए हैं। मानविकी संकाय की शिवी भारती ने 89.4 प्रतिशत, नमामि अथनेरे ने 89 प्रतिशत तथा हरलीन भट्ट ने 87 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विज्ञान संकाय में श्रेया गौतम ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वाणिज्य संकाय में रक्षिता जैन ने 87 प्रतिशत एवं हर्ष शर्मा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अक्षत इंटरनेशनल स्कूल विगत पांच वर्षों से लगातार जिले की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाता आ रहा है। यह निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति और अनुशासित वातावरण को दर्शाता है।

# अब मोबाइल एप से होगी दूध की टेस्टिंग, किसानों को मिलेगी रिपोर्ट

### दुग्ध समितियों के लिए प्रशिक्षण संपन्न, फैट और एसएनएफ की जांच में आएगी पारदर्शिता



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

दुग्ध संग्रह प्रणाली को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा समितियों में मोबाइल आधारित मिल्क टेस्टिंग एप लागू किया जा रहा है। इसके सुचारू संचालन के लिए 14 मई 2026 को उज्जैन स्थित प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्रीय अमले और दुग्ध समितियों के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन के प्रभारी प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि इस एप के माध्यम से दूध के फैट, एसएनएफ सहित अन्य गुणवत्ता मानकों की जांच तुरंत की जा सकेगी। इससे किसानों को उनके द्वारा दिए गए दूध की गुणवत्ता की जानकारी तत्काल मिलेगी और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड स्टाफ और समितियों को एप के संचालन, गुणवत्ता परीक्षण, डेटा एंट्री और रिपोर्टिंग का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस प्रणाली के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अब इसे व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। इस डिजिटल पहल से दुग्ध संग्रह प्रक्रिया अधिक तेज और विश्वसनीय बनेगी, जिससे गुणवत्ता आधारित भुगतान प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने में मदद मिलेगी।

# मानवता, सेवा और समर्पण ही है सच्ची भक्तिः सतगुरु माता सुदीक्षा जी

### उज्जैन संत निरंकारी भवन में बाबा हरदेव सिंह जी को अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन, देवास से आए मुखी किशन लाल ने किया संबोधित

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में उज्जैन स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में भावपूर्ण सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवास से आए मुखी किशन लाल जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन संदेशों और शिक्षाओं को साझा किया।

मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि समालखा (दिल्ली) स्थित आध्यात्मिक स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में हुए मुख्य समागम के संदेशों को उज्जैन की संगत के बीच रखा गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का एक दिव्य उदाहरण रहा है। हमारा जीवन ऐसा होना चाहिए जिसका हर पल इंसानियत, करुणा और मानवीय मूल्यों को दर्शाए। माता जी ने संदेश दिया कि यदि किसी के जीवन में दुख या संघर्ष है, तो हमारा कर्तव्य उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम और सहयोग से उसे शांत करना है। ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के बाद व्यक्ति का जीवन केवल व्यक्तिगत सीमाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह पूरी मानवता की सेवा और उत्थान का माध्यम बन जाता है। सच्ची सेवा दिखावे से दूर, विनम्रता और निस्वार्थता से परिपूर्ण होनी चाहिए। अमर संत अवनीत जी के समर्पित जीवन का उल्लेख करते हुए बताया गया कि सच्चा समर्पण वही है जिसमें सेवा का भाव केवल विचारों में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और प्राथमिकताओं में भी स्पष्ट दिखाई दे। पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी पूर्ण निष्ठा से भक्ति की जा सकती है।



कार्यक्रम के दौरान विचारकों और कवियों ने भी बाबा जी की दिव्य शिक्षाओं और उनके सौम्य व्यक्तित्व को याद करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## खबर एक नजर...

### कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा ग्रीष्म कालीन कला प्रशिक्षण शिविर 15 मई से

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी म.प्र. संस्कृति परिषद् द्वारा 15 से 25 मई तक ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न विद्याओं पर आधारित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष वरिष्ठ नृत्य गुरु सुश्री राजश्री शिर्के, मुम्बई द्वारा शास्त्रीय नृत्य कथक, श्री रामचन्द्र गांगोलिया उज्जैन द्वारा लोकगायन, श्रीमती हिरामणि वर्मा, उज्जैन द्वारा लोकनृत्य, सुश्री हिमांशी चौबे, उज्जैन द्वारा कैलीग्राफी, श्री प्रकाश देशमुख, उज्जैन द्वारा नाटक तथा श्री कुलदीप दुबे, उज्जैन द्वारा सुगम संगीत का प्रशिक्षण प्रातः 8 से 10 बजे तक अकादमी परिसर में प्रदान किया जायेगा। इस कार्यशाल का शुभारंभ 15 मई को प्रातः 8 बजे होगा। कार्यशाला के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की गई थी जो प्रशिक्षणार्थी ऑनलाइन पंजीयन नहीं कर पाए है तथा इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है, ऐसे समस्त प्रशिक्षणार्थी 15 मई को प्रातः 8 बजे अकादमी में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवाकर इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

### गंगेडी में रात्रि कालीन कृषक संगोष्ठी और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** उप संचालक कृषि श्री यू.एस. तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कृषक कल्याण वर्ष २०२६ के रूप में घोषित किया गया है। जिसके तहत किसानों के हितों लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गत दिवस 12 मई को ग्राम पंचायत गंगेडी में रात्रि कालीन कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को ई- टोकन प्रणाली से खाद वितरण की संपूर्ण जानकारी, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधिकरण, प्राकृतिक खेती, खेती में लागत कम करने उपाय एवं आगामी खरीफ सीजन के लिए के पूर्व तैयारी के संबंध में समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक परियोजना संचालक ., सहायक संचालक कृषि , कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें ।

### श्री साईंधाम समिति करेगी यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी का अभिनंदन

**उज्जैन।** श्री साईंधाम समिति (रजि.) एवं द्वारकामाई भक्त मंडल के तत्वावधान में उज्जैन विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के मनोनयन पर उनका अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर आत्मनिर्भर दिव्यांगों का सम्मान और भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, यूडीए अध्यक्ष रवि सोलंकी और डिस्ट्रिक्ट वाइस गवर्नर संजय सक्सेना का हुआ सम्मान

# साइंस कॉलेज के पूर्व छात्रों का अभिनंदन समारोह संपन्न, वर्चुअली जुड़े सीएम डॉ. यादव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

साइंस कॉलेज के पूर्व छात्रों द्वारा एक गरिमामय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और डिस्ट्रिक्ट वाइस गवर्नर द्वितीय संजय सक्सेना की उपलब्धियों पर उनके मित्रों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्चुअल उपस्थिति रही।



कॉलेज के पूर्व छात्र और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर अपने साथियों से संवाद किया। उन्होंने कॉलेज की पुरानी यादें साझा कीं और सभी मित्रों को भोपाल आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन ने समारोह में नई ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान उपस्थित साथियों ने सम्मानित अतिथियों के व्यक्तित्व, संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### पर्यावरण मित्र अजय भातखंडे का हुआ विशेष सम्मान

इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे पर्यावरण मित्र अजय भातखंडे का भी विशेष सम्मान किया गया। वर्षों बाद एक साथ जुटे कॉलेज के साथियों के बीच पुरानी यादों और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला।

### आयोजन समिति की रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम के सफल और शानदार आयोजन में आयोजन समिति के संजय शर्मा, राजेन्द्र सिरोलिया, अनिल जैन, कामरान सुल्तान, सादिक भाई, दिनेश जैन, शाहिद हाशमी और घनश्याम गोयल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी उपस्थित साथियों ने उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

## जल संकट और बिजली कटौती से आक्रोशः पार्षद के नेतृत्व में रहवासियों ने किया चक्का जाम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के वार्ड क्रमांक एक में पिछले कई दिनों से पेयजल की आपूर्ति नहीं होने और जलप्रदाय के समय ही बिजली कटौती होने से परेशान रहवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। समस्या के समाधान की मांग को लेकर वार्ड की पार्षद निकिता परमानंद मालवीय के साथ बड़ी संख्या में रहवासियों ने भैरवगढ़ जेल चौराहे के मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।

सड़क जाम और प्रदर्शन की सूचना मिलते ही संबंधित विभागों के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। नगर निगम अधिकारी भावसार, समस्त उपयंत्री, पीएचई अधिकारी और बिजली विभाग के अधिकारी कुमरावत, रविकांत मालवीय तथा आयुषी जैन तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे रहवासियों और पार्षद से चर्चा कर समस्या को समझा। इसके बाद मौके पर ही मौजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने तत्काल नई डीपी लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों की इस त्वरित कार्रवाई और ठोस आश्वासन के बाद रहवासियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

# स्मार्ट सिटी के 5.59 करोड़ के सोलर प्लांट बंद, हर साल 75 लाख से अधिक का नुकसान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के जलप्रदाय संयंत्रों पर बिजली बिलों की भारी-भरकम राशि बचाने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी द्वारा 5.59 करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए 1.29 मेगावॉट के सोलर प्लांट वर्तमान में पूरी तरह बंद पड़े हैं। साल 2019 में स्थापित इन सोलर पैनलों से बिजली उत्पादन ठप होने के कारण नगर निगम को हर साल 75 लाख रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गंभीर मामले में नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने स्मार्ट सिटी कार्यालय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

शिकायत में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए गए इन प्लांट की कुल क्षमता 1290 किलोवॉट है। प्रति किलोवॉट प्रतिदिन 4 यूनिट के मान से इनसे हर दिन 5160 यूनिट और एक वर्ष में 18,83,400 यूनिट बिजली का उत्पादन होना था। यदि 4 रुपये प्रति यूनिट की दर से इसकी गणना की जाए, तो प्लांट के बंद होने से सालाना 75,33,600 रुपये की सीधी आर्थिक हानि हो रही है। बताया गया है कि इन प्लांट की स्थापना के लिए 5 करोड़ 59 लाख रुपये की पूरी राशि का भुगतान भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद आज तक ये सुचारू रूप से चालू नहीं हो सके हैं।

इस पूरे घटनाक्रम और भारी राजस्व हानि को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने सात प्रमुख सवाल उठाते हुए स्मार्ट सिटी प्रबंधन से जवाब तलब किया है।

# वाणिज्य कर विभाग में सालों बाद लगा वाटर कूलर, अधिकारी-कर्मचारियों को मिली राहत

#### वाणिज्य कर विभाग में सालों बाद लगा वाटर कूलर, अधिकारी-कर्मचारियों को मिली राहत

### लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रयासों को मिली सफलता, संयुक्त आयुक्त रीता चतुर्वेदी का माना आभार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी स्थित वाणिज्य कर विभाग में कई वर्षों से पीने के पानी के लिए वाटर कूलर नहीं था। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के निरंतर प्रयासों और संयुक्त आयुक्त राज्यकर उज्जैन संभाग श्रीमती रीता चतुर्वेदी के सहयोग से 13 मई 2026 को विभागीय सर्कल में वाटर कूलर स्थापित किया गया। इस सुविधा से अधिकारी और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है।



संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में वाणिज्य कर विभाग के विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री द्वारा वाटर कूलर लगाने के लिए लंबे समय से अथक प्रयास किए जा रहे थे। कर्मचारियों की यह अहम मांग पूरी होने पर कर्मचारी संघ की ओर से संयुक्त आयुक्त श्रीमती रीता चतुर्वेदी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला सचिव मुकेश रायकवार, विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री, मदनलाल चौहान, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष गुलशन मंसूरी, महेंद्र टांकले, अनिल कुशवाह, श्रीमती विमला सखवार और श्रीमती चंद्रकांता बैरागी सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# क्षिप्रा परिक्रमा का आयोजन 25 एवं 26 मई को आयोजित होगा, तैयारियों को लेकर बैठक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की पावन क्षिप्रा परिक्रमा का भव्य आयोजन इस वर्ष 25 एवं 26 मई को किया जाएगा। यह यात्रा का 23वा वर्ष है। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को शहर की स्थानीय होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

यात्रा में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सभी गतिविधियों एवं सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता की जाएगी। बैठक में यात्रा के सफल संचालन, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की जानकारी



यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी द्वारा दी गई।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मई को राम घाट पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ यात्रा का शुभारंभ और 26 मई को समापन होगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे।यह परिक्रमा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि शिप्रा नदी के संरक्षण, स्वच्छता और उसके अविरल प्रवाह को बनाए रखने के उद्देश्य से एक जन-जागरूकता अभियान भी है। यात्रा के माध्यम से आमजन को नदी संरक्षण, जल स्रोतों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से शिप्रा के प्रति श्रद्धा और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा।यात्रा के दौरान एक पुरातत्वविदों का दल मार्ग में स्थित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अध्ययन करेगा, वहीं एक अन्य दल खाली स्थानों पर बीजारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा।

### श्रीनाथजी की हवेली में 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव 17 मई से

**उज्जैन।** शहर के ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में 17 मई से 15 जून 2026 तक 30 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः और संध्याकाल में ठाकुरजी के विविध मनोरथ आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन नि. ली. गो. श्री विट्ठलेशरायजी महाराजश्री की बहूजी गो. श्री रुकमणी बहूजी महाराज की आज्ञा से संपन्न होगा। पुष्टिमार्गीय वल्लभ संप्रदाय में अधिक मास का विशेष माहात्म्य है। वल्लभ वैष्णव मंडल के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी और श्री महाप्रभुजी बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर ने बताया कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा 365 दिन 6 घंटे में पूर्ण करती है, जबकि चंद्रमा आधारित कालचक्र 355 दिन का होता है। इस खगोलीय स्थिति के कारण हर ढाई से तीन वर्ष में लगभग 30 दिनों का एक माह अतिरिक्त हो जाता है, जिसे अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है।

## खबर एक नजर...

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बंदरों की मौत, पुलिस ने सम्मानपूर्वक दफनाया

**शाजापुर।** हाईवे पर दौड़ते तेज रफ्तार वाहन अक्सर बेजुबान जानवरों के लिए काल बन जाते हैं। ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा जिले के मोलटा जोड़ पर सामने आया है, जहां एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की जोरदार टक्कर से दो बंदरों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह सड़क हादसे में दो बंदरों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 टीमघटनास्थल पर पहुंची। टीम में तैनात आरक्षक 258 मनोज शर्मा और पायलट राजेश बरेठा ने तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले दोनों मृत वानरों को हाईवे के बीच से हटवाया, ताकि यातायात बाधित न हो और कोई अन्य दुर्घटना होने से बचा जा सके। सड़क से हटाने के बाद, पुलिस स्टाफ ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक जेसीबी मशीन की व्यवस्था की। इसके पश्चात, मौके पर ही जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर दोनों वानर राज को पूरे सम्मान के साथ दफनाया गया।

### ड्रग फ्री अभियान के तहत 1 किलो अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शाजापुर।** जिले में चलाए जा रहे ड्रग फ्री अभियान के तहत पुलिस ने एक किलो अवैध गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आगामी 3 वर्षों में प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत द्वारा जिला शाजापुर को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकघनश्याम मालवीय के नेतृत्व में एक विशेष ड्रग फ्री टीमद्ध का गठन किया गया है। उक्त अभियान का संचालन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना सुनेरा क्षेत्र के एबी रोड ब्रिज के पास टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहन पिता अम्बाराम उम्र 50 वर्ष निवासी धोबी चौराहा शाजापुर को 440 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह शाजापुर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कृषि उपज मण्डी शाजापुर नहर के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी कैलाश पिता हरलाल कुशवाह, उम्र 55 वर्ष निवासी काछीवाड़ा शाजापुर को 550 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

### रिटायर्ड शिक्षक को ठगों ने लगाया 2 लाख 47 हजार का चूना

**शाजापुर।** फर्जी एसबीआई अधिकारी बनकर एक रिटायर्ड शिक्षक के साथ ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर लाखों रुपए का चूना लगाए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ठग ने स्वयं को एसबीआई बैंक अधिकारी बताकर 77 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक राजेंद्र कुमार भट्ट से 2 लाख 47 हजार 714 रुपए ठग लिए। पीड़ित ने बताया कि उन्हें व्हाट्सऐप पर एसबीआई योनो के लोगो वाला मैसेज आया। इसके बाद ठग ने कॉल कर खुद को मुंबई की बांद्रा शाखा का बैंक अधिकारी बताया।

# मम्मी कसम... उसे छोड़ना मत... युवक ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड से पहले वीडियो में बताई आखिरी इच्छा

### वीडियो में छलका दर्द, मामा, भांजे की आखिरी इच्छा पूरी कर देना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

प्रेम प्रसंग और प्रताड़ना की एक खौफनाक परिणति शाजापुर जिले के मक्सी थाना क्षेत्र में देखने को मिली है। यहां एक 21 वर्षीय युवक ने जिंदगी से हार मानकर फांसी के फंदे को गले लगा लिया। मौत को चुनने से ठीक पहले युवक ने अपने मोबाइल में एक दर्दनाक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने एक लड़की पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने मामाओं से उसे न छोड़ने की आखिरी इच्छा जाहिर की है। दिल दहला देने वाले इस



वीडियो के सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस ने गंभीरता से मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मक्सी के बजरंग मोहल्ला वार्ड क्रमांक 8 निवासी धभगिज कुंडलिया उर्फ नितिन 21 वर्ष पिता सुनील कुंडलिया का शव गुरुवार सुबह उसके ही घर में बिजली के तार से बने फंदे पर लटका मिला। घटना की भनक लगते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर डायल 112 की टीम और मक्सी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक मजदूरी करता था और परिवार के अन्य सदस्य पिता और छोटा भाई भी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।

मृतक के मामा जसवंत सिंह ने बताया कि नितिन एक लड़की के कारण भारी मानसिक तनाव में था। आत्महत्या से पहले नितिन ने जो वीडियो बनाया, उसमें वह अपने दोनों मामाओं से रोते हुए कह रहा है मामा श्री, आपसे छोटी सी गुजारिश है... अगर मैं मर गया तो उसे छोड़ना मत। जैसे मेरी जिंदगी बर्बाद हुई है, उसकी भी कर देना। भांजे की आखिरी इच्छा पूरी कर देना, नहीं तो मुझे अपना भांजा मत बुलाना। मम्मी की कसम है आपको... अगर उसे तकलीफ नहीं दी, तो मैं मरने के बाद भी सबको तकलीफ दूंगा।

इसी वीडियो में नितिन ने अपने छोटे भाई वीरेंद्र के लिए भी एक भावुक संदेश छोड़ा है। उसने कहा, देख भाई, तू अभी बच्चा है। मेरा दिमाग खराब हो गया, मैं जिंदगी से हार गया। अब सबकी जिम्मेदारी तुझे निभानी है, मम्मी-पापा का ख्याल रखना। मम्मी की एनिवर्सरी आने वाली है, उसे खुशी से मनाना। मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा बनाकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस वीडियो में लगाए गए आरोपों की सत्यता और लड़की की पूरी भूमिका की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# हुनर से हौसले की उड़ान, एमएलबी की छात्राएं पार्लर में सीख रहीं ब्यूटी एंड वैलनेस के गुर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

हाथों में हुनर हो तो सफलता और आत्मनिर्भरता की राह खुद-ब-खुद आसान हो जाती है। शाजापुर की बेटियां को इसी हुनर से तराशने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की एक शानदार पहल शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिल रही है। यहां की छात्राएं अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बाकायदा ब्यूटी पार्लर में सीधे काम के बीच ऑन-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) प्राप्त कर रही हैं। विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित




ब्यूटी एंड वैलनेस विषय की कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं को विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्य पूनम त्रिवेदी और नोडल अधिकारी मुकेश कुमार दुबे के कुशल मार्गदर्शन में यह पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत व्यावसायिक प्रशिक्षक संगीता अग्रवाल द्वारा इन छात्राओं को शाजापुर शहर के ब्यूटी पार्लर में ले जाकर काम का सीधा अनुभव प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्लर के रोजमर्रा के कामकाज को करीब से देखते हुए वे प्रतिदिन विभिन्न प्रकार का मेकअप, आधुनिक हेयर स्टाइल, आकर्षक मेंहदी लगाने जैसी महत्वपूर्ण बारीकियां सीख रही हैं। इस पूरी ट्रेनिंग का लक्ष्य छात्राओं को रोजगार के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। ट्रेनिंग के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद इन सभी छात्राओं को आधिकारिक सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे। इस व्यावहारिक ज्ञान और प्रमाण पत्र की मदद से छात्राएं भविष्य में अपना खुद का ब्यूटी पार्लर खोलकर न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकेंगी, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकेंगी।

### श्री मद्भागवत कथा के लिए भगवामय हुई रेलवे कालोनी

**शाजापुर।** लगातार 14 वर्षों से नगरवासियों को भागवत का प्रसाद बांट रही श्री नित्येश्वर महादेव भागवत कथा समिति एवं सूर्या ग्रुप के युवाओं की टीम इस बार 15वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। इस वर्ष भी रेलवे मैदान पर आज से 7 दिनों के लिए श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जहां ब्रह्मलीन श्री चेतनदास महाराज के शिष्य अनुजदास महाराज नगरवासियों को भागवत कथा का वाचन कर जीवन को धन्य करेंगे। आयोजन की शुरूआत कलश यात्रा से होगी जो शुक्रवार को प्रातः 7.30 बजे रेलवे कालोनी स्थित श्री नित्येश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई नहर के पास रेलवे मैदान कथा स्थल पहुंचेगी। जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# नाबालिग को ज्यादती कर गर्भवती करने वाले आरोपी को उम्रकैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

नाबालिग के साथ ज्यादती कर उसे गर्भवती करने वाले आरोपी को अदालत ने उम्रकैद की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत ने शुजालपुर मंडी के उण्डई निवासी 21 वर्षीय मनीष पिता शिवनारायण राजपूत को घिनौने कृत्य का दोषी पाया है। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता ने 11 जून 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। घटना शिकायत से करीब चार महीने पुरानी थी। पीड़िता मंदिर गई थी, जहां परिसर में किराए से रहने वाले मनीष राजपूत ने उससे बातचीत शुरू की और मंदिर के काम का झांसा देकर उसे अपने कमरे में ले गया। वहां उसने नाबालिग को बंधक बनाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह खोलने पर उसे तथा उसके माता-पिता को जान से मारने की खौफनाक धमकी दी। इस धमकी से डरी-सहमी पीड़िता ने घर में किसी को कुछ नहीं बताया। इसी खामोशी का फायदा उठाकर तीन-चार दिन बाद मनीष ने उसे फिर डराकर कमरे में बुलाया और दोबारा ज्यादती की, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई।

यह दरिंदगी काफी समय तक छुपी रही, लेकिन जब पीड़िता को तेज पेट दर्द हुआ, तब उसने तड़पते हुए अपनी मां को पूरी आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा कराई गई सोनोग्राफी में पीड़िता 25 सप्ताह की गर्भवती पाई गई। गर्भ का समय अधिक होने के चलते अदालत की अनुमति से डिलीवरी कराई गई, लेकिन नवजात शिशु की अत्यधिक कमजोरी के कारण जन्म के बाद ही मृत्यु हो गई। इस अत्यंत संवेदनशील मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ललिता ठाकुर और एसडीओपी पिंटू सिंह बघेल ने पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन में पूरी कर अदालत में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में अभियोजन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन प्रदीप भटेले एवं अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी रमेश सोलंकी ने मजबूती से पैरवी करते हुए साक्ष्य और तर्क रखे।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर घमासान, गुर्जर देवसेना ने दी आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

इंदौर में प्रस्तावित सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापना से पहले ही एक बड़ा सामाजिक विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था ने प्रशासन को खुला अल्टीमेटम दिया है कि यदि प्रतिमा के अनावरण में ऐतिहासिक तथ्यों के साथ कोई भी छेड़छाड़ की गई, तो इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। संस्था की मांग है कि प्रतिमा के साथ सम्राट पृथ्वीराज चौहान को गुर्जर शासक के रूप में प्रदर्शित किया जाए। इस गंभीर मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के निर्देश पर, युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में इंदौर प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया कि इंदौर के निरंजनपुरा चौराहे पर नगर निगम द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित की जानी है। ऐतिहासिक दस्तावेजों और काव्यों के अनुसार पृथ्वीराज चौहान गुर्जर शासक थे। ऐसे



में प्रतिमा स्थापना के दौरान ऐतिहासिक तथ्यों को बिना छेड़छाड़ के प्रदर्शित किया जाए। पदाधिकारियों ने याद दिलाया कि वर्ष 2022 में रिलीज हुई फिल्म सम्राट पृथ्वीराज के समय भी यही विवाद उठा था, तब गुर्जर समाज ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके साथ ही, ग्वालियर में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए समाज ने स्पष्ट किया कि इतिहास की चोरी या तथ्यों से छेड़छाड़ अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के पदाधिकारियों ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि यदि इंदौर प्रशासन ने उनकी मांगों को अनसुना किया और प्रतिमा स्थापित करते समय सही ऐतिहासिक जानकारी प्रदर्शित नहीं की, तो इसका कड़ा विरोध होगा। पूरे प्रदेश में गुर्जर समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा।

# 12वीं में 53 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

सीबीएसई द्वारा सोमवार को घोषित कक्षा १२वीं के परिणामों में मेक्रो विजन एकेडमी, बुरहानपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शिक्षा में उत्कृष्टता की मिसाल बनी एकेडमी के 53 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 212 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

**कॉमर्स में सुहानी अव्वल**

प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने जानकारी दी कि वाणिज्य संकाय में सुहानी साहू ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंयक रामचंदानी ने 94.2 प्रतिशत, अनन्या राठौर ने 93.6 प्रतिशत और अनुज कुमार पटेल ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सुहानी साहू ने लेखाशास्त्र में 100 में से 100 अंक भी हासिल किए।



विज्ञान संकाय (गणित) में ओजस अग्रवाल 96 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे। अदिती अग्रवाल ने 94.2 प्रतिशत, आशुतोष पवार ने 93.6 प्रतिशत, उत्कृष्ठ अग्रवाल ने 93.4 प्रतिशत, तनिष्का पटेल ने 92.8 प्रतिशत, जव्वाद खान ने 92.4 प्रतिशत, लावाण्या धारे और पंशुल पाटिदार ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

जीव-विज्ञान संकाय में मौलीश्री जैन और श्रेया अग्रवाल ने 93.4 प्रतिशत, अनन्या जैन और सृष्टी चुगवानी ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी संकाय के आदि नेमा ने बायोलॉजी में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, श्रीमती मंजूषा चौकसे, श्रीमती देवार्षी चौकसे, कु. अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या मोनिका अग्रवाल, डॉ. संतोष सिलोरिया, डॉ. अरूण शर्मा, श्रीमती विभा जेटली, श्रीमती शीतल पोपली, श्रीमती प्रतिभा नायर सहित समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।



## बिजली कटौती से नाराज रहवासियों ने सड़क पर धरना-प्रदर्शन किया

खरगोन। भीषण गर्मी के बीच मप्र विद्युत वितरण कंपनी की बिजली व्यवस्था भी चरमराने लगी है। शहर सीमा पर बसे ग्राम भाडली में लंबे समय से चल रही वोल्टेज समस्या और अघोषित बिजली कटौती से नाराज रहवासियों का गुरुवार को सब्र का बांध टूट गया। आक्रोषित रहवासी सड़क पर उतर आए। गांव के मुख्य मार्ग पर झाडिया लगाकर धरना दे दिया। जिससे क्षेत्र में आवाजाही पूरी तरह ठप्प हो गई। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र औद्योगिक होने से यहां दिनभर वाहनों के साथ ही लोगों की आवाजाही बनी रहती है। मार्ग पर चक्काजाम होने से कई लोडिंग वाहनों को इंतजार करना पड़ा। गर्म हवाओं के बीच रहवासी वोल्टेज समस्या हल नही होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी देते हुए डटे रहे।

# जोबट में पुलिस और परिवहन विभाग का संयुक्त चेकिंग, 10 वाहन किए जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

जोबट में पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन पर चलाया गया, जिसमें बिना बीमा, ओवरलोडिंग तथा नियमों का उल्लंघन कर चल रहे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, मृत्युदर को घटाना तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

कॉलेज तिराहा क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान के दौरान लगभग 70 से अधिक वाहनों की जांच की गई। जांच में बिना बीमा, बिना फिटनेस, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग जैसे मामलों में कार्रवाई करते हुए 16 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 27



हजार 400 रुपए का चालान बनाया गया। साथ ही नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 10 वाहनों को जब्त कर जोबट थाना परिसर में खड़ा करवाया गया। जब्त वाहनों में 3 बड़े वाहन भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान जोबट थाना से एएसआई गौतम सहित आरटीओ कार्यालय की टीम मौजूद रही।

## पुरूषोत्तम मास कथा 17 मई से

खंडवा। सिंधी कॉलोनी स्थित स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में अधिक मास के पवित्र माह के दौरान 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास कथा का आयोजन होगा। इस मौके पर पांच दिवसीय प्रवचनों का आयोजन सखी साई रमेश प्रकाश जी महाराज के मुखारविंद से होगा।

## महिला सहकारिता सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

सहकार भारती मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश स्तरीय च्महिला सहकारिता सम्मेलनज्ज का आयोजन दिनांक 23 मई को भोपाल स्थित राज्य सहकारी संघ परिसर, त्रिलंगा में किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेशभर से मातृशक्ति की सहभागिता रहेगी।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, वहीं समापन सत्र में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।सहकार भारती प्रदेश कार्य कारिणी सदस्य श्रीमती आशा कुमरावत, जिला महिला प्रमुख संगीता लोह, विभाग संगठन प्रमुख राजेश राठौड़, जिला महामंत्री सुनील शुक्ला एवं जिला संगठन प्रमुख राजेंद्र चौहान ने जिले की मातृशक्ति से अधिकाधिक संख्या में महिला सहकारिता सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन महिलाओं को सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में महिला स्व-सहायता समूहों, सहकारी संस्थाओं एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सहभागिता का अवसर मिलेगा। सम्मेलन के माध्यम से महिला नेतृत्व, स्वरोजगार, संगठन क्षमता एवं सहकारिता के विस्तार पर विशेष चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिले की महिलाओं से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक सम्मेलन में सहभागिता कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## न्यायाधीश ने श्रमिक जन के अधिकारों के बारे में जागृत किया



सनावद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार श्रमिक अधिकारों के बारे में बताया न्यायाधीश मो असलम दहलवी एवं योगेश चालीसा साहब के द्वारा कहा कि आपकी जो दैनिक मजदूरी आपको नहीं देते हैं तो आपका कानूनी अधिकार है कि आप लेबर कोर्ट में केस दर्ज कर सकते हैं श्रमिक जन देश के सम्माननीय जन हैं उनके साथ भेदभाव कानूनी रूप से दंडनीय है उचित मजदूरी, सुरक्षित कार्य स्थितियां, और संगठित होने का अधिकार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, सामाजिक सुरक्षा, और कार्यस्थल पर भेदभाव से सुरक्षा जैसे अधिकार भी प्राप्त हैं। श्रमिकों को भोजन अवकाश और कार्य के टाइम से संबंधित अधिकार भी प्राप्त है आप सभी अपने अधिकर समझे आप सभी अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें आपके साथ भेदभाव हो तो आप न्यायालय की शरण ले सकते है आपकि समाजिक सुरक्षा हमारा कर्तव्य है शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया उपस्थित है।

# सांसद ने तीन पुलिया रेल ओवर ब्रिज के कार्य का किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अपील पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल बुरहानपुर से खंडवा अपने वाहन से न आकर महानगरी एक्सप्रेस से सुबह खंडवा पहुंचे यहां से वे तीन पुलिया रेलवे ओवर ब्रिज के चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए स्थल निरीक्षण किया।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस दौरान निर्माण एजेंसी एवं रेल अधिकारियों को सख्त हिदायत देकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द ब्रिज निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए।

खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल तीन पुलिया की तरफ बन रहे रेल और ब्रिज को लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं तीन पुलिया रेल ओवर ब्रिज से आवागमन सुविधा खंडवा क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द प्राप्त हो इसको लेकर निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्देश देकर ब्रिज का कार्य तेज गति से करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रेलवे की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखने ,रेलवे के परिचालन में कोई समस्या नहीं आवे और कोई दुर्घटना ना हो। इसका भी ध्यान रखने की बात कही। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि उनके पूरे प्रयास रहेंगे कि नवरात्रि,दीपावली त्योहारों के बीच इस ब्रिज से आवागम शुरू करवा दिया जाए। साथ ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि पुलिस लाइन चौराहा की तरफ सर्विस रोड के लिए पुलिस विभाग की अनुमति मिल गई है। अब जल्द ही यहां सर्विस रोड निर्माण शुरू किया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस मौके पर एसडीओ सेतु निगम विनोद बरकने , निर्माण एजेंसी सुपरवाइजर कमलेश गोस्वामी,स्टेशन मैनेजर जी एल मीणा, मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी, प्रवक्ता सुनील जैन, प्रदीप यादव,चंद्रेश पचौरी, अनूप पटेल,तपन डोंगरे,अनिल भगत, गन्नू गुरुबाणी,बलदेव मौर्य विशाल छाबड़ा महेश जैसवाल व अन्य मौजूद थे।

## शब्दों से नेतृत्व गढ़ने की पहल: खंडवा में आज से शुरू होगा

खंडवा। युवाओं और प्रोफेशनल्स में प्रभावी संवाद कौशल तथा व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसीआई खंडवा द्वारा तीन दिवसीय मंडल स्तरीय व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रम च्स्पीच क्राफ्टज्ज का आयोजन 15 से 17 मई तक किया जाएगा। समाज सेवी सुनील जैन ने बताया की कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से जेसीआई सदस्य एवं प्रतिभागी शामिल होंगे। जेसीआई क्लब समाज सेवा के कार्यों की साथ ही राष्ट्रीय मिशन के कार्यों में भी सहयोग प्रदान करता रहा है।

# मदर्स डे एवं नर्स डे पर ब्रह्माकुमारीजी में हुआ सम्मान समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

आनंद नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज भाग्योदय भवन में खंडवा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शक्ति दीदी के सानिध्य में च्मदर्स डे एवं नर्स डेज्ज के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ अनीता माने, हरसूद सेवाकेंद्र प्रभारी बीके संतोष दीदी, ओंकारेश्वर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके श्यामा दीदी, मधुबन से पधारे ब्रह्माकुमार महेंद्र भाई,एवं ब्रह्माकुमार चंद्रकांत भाई विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शक्ति दीदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि मां इस सृष्टि में भगवान का सबसे सुंदर स्वरूप है, जो अपने बच्चों को निस्वार्थ प्रेम, संस्कार और सुरक्षा प्रदान करती है। वहीं नर्सें सेवा, करुणा और मानवता की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो दिन-रात रोगियों की सेवा कर उन्हें नया जीवन देने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में माताओं और नर्सों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके त्याग, समर्पण और अथक सेवा के प्रति हमारी सच्ची कृतज्ञता है।

दीदी ने आगे कहा कि च्कुमारी वह है जो २१ कुलों का उद्धार करेज्ज और आज वे माताएं वास्तव में धन्य हैं जिन्होंने अपनी बेटियों को परमात्म सेवा में समर्पित किया है। ऐसी माताओं ने अपनी संतानों को ईश्वरीय कार्य में लगाकर अपने 21 कुलों का कल्याण करने का महान कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भगवान को अपनी बेटियों को समर्पित करने वाली माताएं वास्तव में पूजनीय और गौरव की अधिकारी हैं। जिले के लगभग ५० भाई बहने समर्पित रूप से ईश्वरीय सेवाएं दे रहे हैं डॉक्टर अनीता माने ने कहा कि एक मां और एक नर्स दोनों ही सेवा, ममता और संवेदनशीलता की अद्भुत मिसाल हैं। उन्होंने माताओं एवं नर्सों के त्याग,

## नगर पालिका की ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था पर उठे सवाल

**सनावद।** नगर पालिका परिषद सनावद की ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था इन दिनों कर्मचारियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। कर्मचारियों का आरोप है कि संबंधित शाखा द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली के संचालन एवं मॉनिटरिंग में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण कई कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं हो पा रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारियों के पोर्टल एक्सेस प्रभावित होने के बाद भी जिम्मेदार शाखा द्वारा स्पष्ट जानकारी, लिखित सूचना अथवा वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं प्रशासनिक स्तर पर देर से उपस्थिति दर्ज करने को कारण बताया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि तकनीकी समस्याओं एवं पोर्टल संचालन की अनियमितताओं की जिम्मेदारी भी संबंधित शाखा से अलग नहीं की जा सकती।

## प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का बड़वानी जिला प्रवास कार्यक्रम

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, बड़वानी जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और विभागीय समीक्षा बैठकें लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 14 मई को शाम 7 बजे बड़वानी पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 15 मई को, प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे कलेक्टर सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।इसके पश्चात प्रभारी मंत्री डॉ. टेटवाल, दोपहर 3 बजे से विभिन्न ग्रामों का दौरा करेंगे।

# मंदाना करीमी ने 16 साल बाद भारत छोड़ा

अब यहां घर जैसा नहीं लगता, पहले कहा था इंडिया ने मुझे धोखा दिया

'बिग बॉस 9' और 'लॉकअप' फेम एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने आखिरकार भारत छोड़ दिया है। 16 साल तक हिंदुस्तान में रहने के बाद उन्होंने एक इमोशनल वीडियो शेयर कर देश को अलविदा कहा।

मंदाना ने भारत को अपना 'दूसरा घर' बताया था, लेकिन पिछले कुछ समय से वे अपनी सुरक्षा और बेबाक बयानी की वजह से लगातार विवादों और सुर्खियों में बनी हुई थीं।

एयरपोर्ट से शेयर किया इमोशनल वीडियो मंदाना ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन के दौरान फैंस को यह खबर दी। एक फैन ने उनसे पूछा था कि क्या उन्होंने मुंबई हमेशा के लिए छोड़ दिया है? इसके जवाब में मंदाना ने एयरपोर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया।

उन्होंने कहा, मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं ऐसा कह पाऊंगी, लेकिन अलविदा भारत। यह मुश्किल होने वाला है। लगभग 16 साल यहां बिताने के बाद मैं अपने दूसरे घर को पीछे छोड़ रही हूं। अब एक नई शुरूआत की ओर बढ़ रही हूं, नया देश, नया घर, सब कुछ नया। पहले कहा था भारत ने मुझे धोखा दिया एक्ट्रेस ने भारत छोड़ने की मुख्य वजह अपनी सुरक्षा को बताया है। इससे पहले बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए। मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। उन्होंने यह भी साफ किया कि वे ईरान भी वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि वहां उन पर 10 साल पहले ही बैन लगा दिया गया था।

खामेनेई की मौत पर जश्न और विवाद मंदाना करीमी पिछले दिनों तब चर्चा में आई थीं, जब उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर खुशी जताई थी। उन्होंने दावा किया था कि खामेनेई ने ईरान के लोगों पर बहुत अत्याचार किए हैं। मंदाना ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने एक्टिविज्म के लिए भारत में किसी का सपोर्ट नहीं मिला।

### मॉडलिंग से शुरू हुआ था मंदाना का करियर

मंदाना करीमी का जन्म तेहरान में हुआ था। वह 2010 में पहली बार मॉडलिंग के लिए भारत आई थीं और 2013 से मुंबई में ही बस गईं। उन्होंने 'क्या कूल हैं हम 3', 'मैं और चार्ल्स' और 'भाग जॉनी' जैसी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा 'बिग बॉस' और 'लॉकअप' जैसे रियलिटी शोज से उन्हें पहचान मिली। इसके बाद मंदाना ने साल 2017 में भारतीय बिजनेसमैन गौरव गुप्ता से शादी की, लेकिन यह रिश्ता लंबा नहीं चला। 2021 में उनका तलाक हो गया। मंदाना ने अपने पति और ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा और धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।








## प्रियंका चोपड़ा का रॉयल गाउन गोल्ड गाला 2026 में देसी अंदाज ने लूटी महफिल

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बना चुकी प्रियंका चौपड़ा जोन्स ने एक बार फिर वैश्विक फैशन मंच पर भारतीय शिल्प और पारंपरिक कला का जलवा बिखेर दिया। गोल्ड गाला 2026 में प्रियंका चोपड़ा की मौजूदगी सिर्फ एक रेड कार्पेट अपीयरेंस नहीं बल्कि भारतीय फैशन और विरासत का शानदार प्रदर्शन बन गई। इस खास मौके पर प्रियंका ने 20 साल पुरानी चिकनकारी साड़ी से तैयार किया गया एक कस्टम कॉउचर गाउन पहना, जिसने सोशल मीडिया से लेकर फैशन इंडस्ट्री तक हर जगह चर्चा छेड़ दी। गोल्ड गाला 2026 के दौरान प्रियंका चोपड़ा को सिनेमा और मनोरंजन जगत में उनके 25 वर्षों के योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्लोबल वंगुआर्ड ऑनर से सम्मानित किया गया। लेकिन पुरस्कार से ज्यादा सुर्खियां उनके फैशन स्टेटमेंट ने बटोरीं। इंटरनेट पर सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि प्रियंका का यह खूबसूरत गाउन किसी आधुनिक फैशन फैक्ट्री में नहीं, बल्कि दो दशक पुरानी भारतीय चिकनकारी साड़ी से तैयार किया गया था। यह खास कॉउचर भारतीय फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल ने तैयार किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस गाउन को बनाने में लगभग छह सप्ताह का समय लगा। डिजाइनर ने पारंपरिक चिकनकारी कला को आधुनिक संरचनात्मक फैशन के साथ मिलाकर एक ऐसा लुक तैयार किया, जिसे फैशन विशेषज्ञ इंडियन हेरिटेज मीट्स फ्यूचर कॉउचर बता रहे हैं।




## धुरंधर के बाद ल्यारी पर आई एक और फिल्म

### पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी के फैसलाबाद में सिर्फ 22 टिकट बिके, कई शो कैंसिल

पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पाकिस्तान के ल्यारी इलाके पर आधारित थी। गौरतलब है कि ल्यारी का जिक्र भारतीय फिल्म धुरंधर में भी हुआ, जो सुपरहिट साबित हुई। हालांकि, मेरा ल्यारी को बॉक्स ऑफिस पर कमजोर रिस्पॉन्स मिला।



फेसबुक पेज ऑल पाकिस्तान शोबिज स्टार्स ने दावा किया कि फिल्म मेरा ल्यारी को खराब शुरूआत के बाद फैसलाबाद के ताज महल सिनेमा से हटा दिया गया है। फिल्म पहले दिन सिर्फ 22 टिकट ही बेच पाई। कम दर्शक आने की वजह से अगले शो भी रद्द कर दिए गए। बता दें कि यह फिल्म धुरंधर और दूसरी फिल्मों को जवाब देने के लिए बनाई गई। फिल्म को कराची के ल्यारी इलाके की कहानी के तौर पर प्रमोट किया गया था। जहां फिल्मों में अक्सर इस इलाके को अपराध और गैंग हिंसा से जोड़कर दिखाया जाता है, वहीं मेरा ल्यारी में समुदाय, खेल और युवाओं की जिंदगी पर फोकस किया गया।

**महिला फुटबॉल पर आधारित है फिल्म की कहानी–** यह फिल्म महिला फुटबॉल पर आधारित है। अबू अलीहा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में आयशा उमर, दनानीर मोबीन, सामिया मुमताज और ट्रिनेट लुकास हैं। फिल्म की कहानी महिला फुटबॉल, कम्युनिटी की एकता और ल्यारी में युवा खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित है। मेकर्स ने फिल्म के जरिए इलाके की एक अच्छी इमेज दिखाने की कोशिश की है। डायरेक्टर अबू अलीहा ने फिल्म को लेकर कहा था कि फिल्म की 80 प्रतिशत कास्ट लोकल है, जिसमें फुटबॉल टीमों के सदस्य भी शामिल हैं। फिल्म को सिंध के सूचना मंत्री शरजील इनाम मेमन का भी सपोर्ट मिला।

**संजय कपूर प्रॉपर्टी विवाद केसः करिश्मा के बच्चों के पक्ष में हुई सुनवाई के बाद**

# मां ने दायर करवाई याचिका, बोर्ड मीटिंग पर रोक लगाने की मांग

करिश्मा कपूर के पूर्व पति और इंडस्ट्रियलिस्ट संजय कपूर का प्रॉपर्टी विवाद कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जून 2025 में हुए संजय कपूर के निधन के बाद करिश्मा कपूर के बच्चों कियान और समायरा ने सौतेली मां प्रिया कपूर पर फर्जी वसीयत बनवाने के आरोप में शिकायत दर्ज करवाई थी। कोर्ट ने सुनावई के दौरान वसीयत पर शक होने पर प्रिया द्वारा संजय कपूर की प्रॉपर्टी बेचने पर रोक लगा दी थी। अब संजय कपूर की मां सीमा कपूर ने नई याचिका दायर कर कंपनी की बोर्ड मीटिंग रोके जाने की मांग की है।



संजय की मां रानी कपूर ने सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दाखिल कर मांग की है कि प्रिया कपूर और कुछ अन्य लोग आरके फैमिली ट्रस्ट के कामकाज में दखल न दें। याचिका के अनुसार, 18 मई को एक बोर्ड मीटिंग रखी गई है, जो 8 मई को जारी कोर्ट के नोटिस के बाद बुलाई गई थी। इस बोर्ड मीटिंग का लक्ष्य कंपनी का नया डायरेक्टर नियुक्त करना है। रानी कपूर ने याचिका में 18 मई के लिए शेड्यूल इस बोर्ड मीटिंग पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा है कि जब तक मध्यस्था की प्रोसेस पूरी नहीं होती, तब तक कोई ट्रस्ट के काम में दखल न दे। रानी कपूर की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जे.बी.पदीर्वाला ने कहा, ह्यअब हम एक ऐसे विवाद में आ चुके हैं, जिसके सामने महाभारत भी अब छोटी लगेगी। हम इस मामले को देखेंगे। रानी कपूर के केस को लिस्ट कर लिया गया है।

### कोर्ट ने करिश्मा के बच्चों को दी राहत

- हाल ही में हुई मामले की सुनवाई में कोर्ट ने संजय कपूर की संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए प्रिया कपूर पर इन्हें बेचने की रोक लगा दी है।
- करिश्मा कपूर के बच्चों कियान और समायरा ने कोर्ट में दावा किया है कि प्रिया सचदेवा ने उनके पिता की एक फर्जी वसीयत तैयार की है। बच्चों का आरोप है कि प्रिया ने कोर्ट में संपत्तियों की जो लिस्ट पेश की है, वह अधूरी है। उनके मुताबिक, इस लिस्ट में संजय की कई महंगी रोलेक्स घड़ियां, पोलो खेलने वाले कीमती घोड़े और करोड़ों की पेंटिंग्स का जिक्र नहीं किया गया है। बच्चों का कहना है कि संजय कपूर की कई अचल संपत्तियां भी इस सूची से बाहर रखी गई हैं।
- याचिका में बच्चों ने कहा था कि उनके पिता उन्हें वसीयत से अलग नहीं कर सकते थे, क्योंकि वो उनसे बेहद क्लोज थे। उनके निधन के बाद प्रिया कपूर ने उन्हें एक वसीयत दिखाई, जिसमें उनका नाम नहीं था।
- सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि संजय कपूर की संपत्ति को सुरक्षित रखा जाना जरूरी है ताकि उसे नष्ट न किया जा सके। कोर्ट ने प्रिया सचदेवा को किसी भी संपत्ति को बेचने से रोक दिया है और संजय के बैंक खातों के संचालन पर भी फिलहाल पाबंदी लगा दी है।
- कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि अब यह साबित करने की जिम्मेदारी प्रिया की है कि वसीयत असली है। अगर अभी कार्रवाई नहीं की गई और बाद में वसीयत फर्जी निकली, तो यह बच्चों के साथ बड़ा अन्याय होगा।
- जून 2025 में 53 साल के संजय कपूर की इंग्लैंड में एक पोलो मैच के दौरान कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी। रानी कपूर का कहना है कि बेटे की मौत के बाद उनकी तीसरी पत्नी प्रिया कपूर ने पूरी ग्रुप कंपनियों पर नियंत्रण कर लिया और उन्हें संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं दिया।

## आईपीएल का गणित- मुंबई ने पंजाब का खेल बिगाड़ाः प्लेऑफ के लिए दोनों मैच जीतने होंगे

# चेन्नई के लिए हर मुकाबला करो या मरो जैसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



आईपीएल 2026 में 58 मैच पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ की रेस रोमांचक बना दी। हार के बाद पंजाब चौथे स्थान पर है। टीम के 12 मैचों में 13 पॉइंट्स हैं और प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे बचे दोनों मैच जीतने होंगे।

दूसरी ओर मुंबई पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन उसने पंजाब का समीकरण बिगाड़ दिया। मुंबई के 12 मैचों में 8 पॉइंट्स हैं और टीम नौवें स्थान पर है। इकाना स्टेडियम में आज चेन्नई सुपर किंग्स के लिए जीत जरूरी है। टीम का सामना टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी लखनऊ से होगा।

**मुंबई लगातार 5वां मैच हारी-** पंजाब किंग्स लगातार पांचवीं हार के बाद मुश्किल में पड़ गई है। टीम ने सीजन की शुरूआत 6 जीत से की थी। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए उसे अब दोनों मुकाबले जीतने होंगे। पंजाब के अगले मैच बेंगलुरु और लखनऊ से हैं। मुंबई इंडियंस ने सीजन की चौथी जीत दर्ज की। टीम के अगले मुकाबले कोलकाता और राजस्थान से हैं।

**चेन्नई के लिए हर मैच अहम-** चेन्नई सुपर किंग्स आज लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी। टीम लगातार 3 मैच जीतकर पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। चेन्नई के 11 मैचों में 12 पॉइंट्स हैं। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए सीएसके को अपने तीनों मैच जीतने होंगे। टीम के मुकाबले लखनऊ, हैदराबाद और गुजरात से हैं। अगला मैच हारने पर उसकी राह मुश्किल हो जाएगी।

**हैदराबाद तीसरे स्थान पर पहुंची-** पंजाब की हार का फायदा सनराइजर्स हैदराबाद को मिला है। टीम 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रनरेट +0.331 है। हैदराबाद को अब चेन्नई और बेंगलुरु से खेलना है। प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की करने के लिए टीम को कम से कम एक जीत चाहिए।

**बेंगलुरु-गुजरात मजबूत स्थिति में-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस 16-16 पॉइंट्स के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं। दोनों टीमों का प्लेऑफ खेलना लगभग तय माना जा रहा है। टीमों को अब एक-एक जीत की जरूरत है। आरसीबी का नेट रनरेट (+1.053) लीग में सबसे बेहतर है। बेंगलुरु के मुकाबले पंजाब और हैदराबाद से हैं, जबकि गुजरात को कोलकाता और चेन्नई से खेलना है।



**राजस्थान अब भी रेस में-** राजस्थान रॉयल्स 12 पॉइंट्स के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हालांकि टीम पिछले 7 में से 5 मुकाबले हार चुकी है। राजस्थान को अब दिल्ली, लखनऊ और मुंबई से खेलना है। टॉप-4 में पहुंचने के लिए उसे तीनों मैच जीतने होंगे।

**कोलकाता और दिल्ली की राह कठिन-** कोलकाता नाइट राइडर्स 11 मैचों में 9 पॉइंट्स के साथ आठवें स्थान पर है। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए उसे अपने तीनों मुकाबले जीतने होंगे। कोलकाता के अगले मैच गुजरात, मुंबई और दिल्ली से हैं। दिल्ली कैपिटल्स की स्थिति भी कमजोर है। टीम के 12 मैचों में 10 पॉइंट्स हैं और उसका नेट रनरेट (-0.993) लीग में सबसे खराब है। दिल्ली को अपने दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

**ऑरेंज कैप में कोई बदलाव नहीं-** पंजाब-मुंबई मैच के बाद ऑरेंज कैप के टॉप-3 पोजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासन 508 रन के साथ टॉप पर बने हुए हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन 501 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। विराट कोहली 12 मैचों में 484 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं।

**भुवनेश्वर 22 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्डर-** बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 12 मैचों में 22 विकेट हैं। गुजरात के कगिसो रबाडा 21 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई के अंशुल कम्बोज 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

# पंजाब 200+ रन डिफेंड करते हुए 10वां मैच हारी



## रोहित ने कोहली की बराबरी की, तिलक ने 106 मीटर लंबा सिक्स लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धर्मशाला

मुंबई इंडियंस ने आखिरी ओवर में रोमांचक जीत दर्ज करते हुए पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। गुरुवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब ने 201 रन का टारगेट दिया था, जिसे मुंबई ने 19.5 ओवर में हासिल कर लिया।

तिलक वर्मा ने नाबाद 75 रन की पारी खेली। उन्होंने 106 मीटर लंबा छक्का भी लगाया। वहीं, रोहित शर्मा आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में विराट कोहली की बराबरी पर पहुंच गए। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स को 200+ रन डिफेंड करते हुए टी-20 क्रिकेट में रिकॉर्ड 10वीं हार झेलनी पड़ी।

**200+ रन डिफेंड करने में पंजाब की 10वीं हार-** पंजाब किंग्स 200+ रन के लक्ष्य का बचाव करने में सबसे ज्यादा बार हारने वाली टीम बन गई। टीम को अब तक 10 बार 200+ रन डिफेंड करते हुए हार मिली है। मुंबई ने पंजाब के खिलाफ 200+ रन का लक्ष्य हासिल करते हुए टी-20 क्रिकेट में अपनी 8वीं जीत दर्ज की। मुंबई अब सबसे ज्यादा 200+ रन चेज जीतने वाली टीमों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस मामले में पंजाब किंग्स 11 जीत के साथ टॉप पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 7-7 बार 200+ रन का लक्ष्य हासिल किया है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### एआई से जुड़ा एमओयू

## अमेरिकी कंपनी ने बंगलूरू में खोला दफ्तर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आयुष मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया भाषिनी प्रभाग ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य आयुष ज्ञान प्रणालियों का भारतीय भाषाओं में तेजी से अनुवाद करना है। यह साझेदारी 'भाषिनी राज्यम' पहल के तहत होगी। यह भाषिनी प्लेटफॉर्म को आयुष मंत्रालय की डिजिटल सेवाओं में एकीकृत करेगी। आयुष ग्रिड के समाधान 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध होंगे। इससे बहुभाषी पहुंच और डिजिटल विस्तार मजबूत होगा। डोमेन-विशिष्ट शब्दावलियां, आयुष भाषा डेटासेट और एआई मॉडल विकसित होंगे।

अमेरिकी कंपनी एफडीएच एयरो ने बंगलूरू में अपना नया कार्यालय शुरू किया है। कंपनी ने इस फैसले को भारत में विस्तार के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यालय की शुरूआत के बाद एयरोस्पेस और रक्षा उद्योग में आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े समाधान मिलेंगे। एफडीएच के हार्डवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन एक छत के नीचे काम करेंगे। यह क्षेत्रीय ग्राहकों के लिए एक पूर्ण-समाधान केंद्र के रूप में कार्य करेगा। कंपनी का यह कार्यालय भारत के बढ़ते एयरोस्पेस बाजार में वैश्विक निवेश को भी दिखाता है। एफडीएच हार्डवेयर के अध्यक्ष मैथ्यू लैकी ने मांग में वृद्धि और 'मेक इन इंडिया' पहल का जिक्र करते हुए कहा, नए कार्यालय से टियर 1 शहर के ग्राहकों और निर्माताओं की मदद मिलेगी।

### आरबीआई इस साल दे सकता है अपना सबसे बड़ा डिविडेंड

# अमेरिका में थोक महंगाई ने तोड़ा रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत सरकार के लिए एक बेहद राहत भरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल केंद्र सरकार को अब तक का सबसे बड़ा लाभांश (डिविडेंड) सौंपने की तैयारी कर रहा है। यह भारी-भरकम भुगतान सरकार को एक मजबूत राजकोषीय कुशन (वित्तीय सहारा) प्रदान करेगा, जिससे वैश्विक संकटों से उत्पन्न होने वाली आर्थिक चुनौतियों का डटकर सामना किया जा सकेगा।

इस महीने होने वाली अपनी महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में रिजर्व बैंक इस लाभांश की अंतिम राशि पर मुहर लगाएगा। सूत्रों के हवाले से यह स्पष्ट हुआ है कि यह रकम ऐतिहासिक होने वाली है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था, जो कि उससे पिछले वर्ष ट्रांसफर किए गए 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था। इस बार यह आंकड़ा और भी ऊंचे स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है, जो सरकारी खजाने को बड़ी मजबूती देगा।

**अमेरिका में थोक महंगाई ने तोड़ा रिकॉर्ड, कंपनियों पर बढ़ा दाम बढ़ाने का दबाव-** अमेरिका में थोक महंगाई ने पिछले महीने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उत्पादक कीमतें एक साल पहले की तुलना में 6 फीसदी बढ़ गईं, जो दिसंबर 2022 के बाद सबसे अधिक वृद्धि है। ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा की कीमतें बढ़ने से कंपनियों पर ग्राहकों के लिए दाम बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। श्रम विभाग ने बुधवार को बताया कि उसका उत्पादक मूल्य सूचकांक अप्रैल में 1.4 फीसदी उछला, जो मार्च 2022 के बाद सबसे बड़ी मासिक वृद्धि है। यह सूचकांक उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले महंगाई को मापता है। मार्च से अप्रैल के बीच ऊर्जा की कीमतें 7.8 फीसदी बढ़ीं और एक साल पहले की तुलना में 22.7 फीसदी अधिक हो गईं। पेट्रोल 15.6 फीसदी और डीजल 12.6 फीसदी महंगा हुआ। खाद्य और ऊर्जा लागत को छोड़कर, मुख्य उत्पादक कीमतें मार्च से 1 फीसदी और अप्रैल 2025 से 5.2 फीसदी बढ़ीं। ये सभी आंकड़े अर्थशास्त्रियों की उम्मीद से कहीं अधिक थे। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) की महंगाई से लड़ने की रणनीति बदल गई है। अमेरिकी पहले से ही बढ़ती जीवन लागत से परेशान हैं। यह मुद्दा 3 नवंबर को होने वाले चुनावों में अहम हो सकता है।

**भारत का हवाई कार्गो क्षेत्र रिकॉर्ड ऊंचाई पर, 2024-25 में 3.72 मिलियन मीट्रिक टन पहुंचा-** वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का हवाई कार्गो क्षेत्र रिकॉर्ड 3.72 मिलियन मीट्रिक टन पर पहुंच गया है। देश के लॉजिस्टिक्स और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे कार्गो सेक्टर में पिछले एक दशक में 47 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस कारण भारत वैश्विक लॉजिस्टिक्स में मजबूत खिलाड़ी की तरह उभरा है। 2014-15 में 2.53 मिलियन मीट्रिक टन माल ढुलाई हुई थी। दिसंबर 2025 तक, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में आंकड़ा 2.98 मिलियन मीट्रिक टन दर्ज किया गया। एक वर्ष में ये रिकॉर्ड उछाल है। वर्तमान में, देश के 74 हवाई अड्डों पर कार्गो संचालन होता है। सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भंडारण क्षमता बढ़ा रहे हैं और बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। जेवर और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर नई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सरकार ने 2024-25 से 2026-27 तक 27 हवाई अड्डों पर सीमा शुल्क कर्मियों की तैनाती की लागत की प्रतिपूर्ति करने की नीति शुरू की है। इसमें 15 समर्पित कार्गो टर्मिनल शामिल हैं, जिससे छोटे शहरों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।



### नोएडा एयरपोर्ट आने पर चुकाने होंगे पैसे

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण (अएफ्क्ष) ने उत्तर प्रदेश में बन रहे हवाईअड्डे को लेकर बड़ा फैसला लिया है। नियामक संस्था- एरा ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री विकास शुल्क निर्धारित कर दिए हैं। यह शुल्क वित्तीय वर्ष 2027 के लिए तय किए गए हैं। घरेलू प्रस्थान करने वाले यात्रियों के लिए यह शुल्क 490 रुपये होगा। अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान करने वाले यात्रियों को 980 रुपये का शुल्क देना होगा। घरेलू आगमन करने वाले यात्रियों के लिए 210 रुपये का शुल्क तय किया गया है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय आगमन करने वाले यात्रियों को 420 रुपये का भुगतान करना होगा। एरा ने हवाई अड्डे के शुरूआती वर्षों के लिए परिवर्तनीय टैरिफ योजना को भी मंजूरी दी है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 15 जून से अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरू करेगा।

### आंध्र के लिए नई रेल परियोजना

आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम से सांसद वल्लभनेनी बालशौरी ने बताया कि 2,816 करोड़ रुपये की नई मछलीपट्टनम-रेपल्ले रेलवे लाइन परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। यह 47.60 किलोमीटर लंबी ब्रॉड-गेज लाइन मछलीपट्टनम से रेपल्ले तक बनेगी। प्रशासनिक मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद है और इसे चार साल में पूरा करने का लक्ष्य है। अंतिम स्थान सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार है। इसमें छह रेलवे स्टेशन, 70 पुल और 24 रेलवे अंडरब्रिज शामिल होंगे।

### व्यापार संबंधों में नया मोड़

## राष्ट्रपति ट्रंप का दावा- चीन 200 बोइंग जेट खरीदेगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

चीन अमेरिका से 200 बोइंग जेट खरीदने पर सहमत हो गया है। ये दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया है। हालांकि, अनुमान 500 जेट के ऑर्डर का था। अमेरिकी वित्त मंत्री ने ट्रंप के बीजिंग दौरे से पहले कहा था कि चीन बड़े बोइंग ऑर्डर की घोषणा कर सकता है। नौ साल पहले जब ट्रंप 2017 में चीन दौरे पर गए थे तब बीजिंग ने 300 बोइंग विमान खरीदने पर सहमति व्यक्त की थी। अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों में कौन सा नया मोड़ आने के संकेत मिल रहे हैं? जानिए इस खबर में

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज चैनल को बताया कि चीन 200 बोइंग जेट खरीदने पर सहमत हो गया है। यह पहला मौका है जब बीते लगभग एक दशक में अमेरिका में निर्मित वाणिज्यिक जेट को चीन खरीदने वाला है। हालांकि, अमेरिका और चीन के बीच होने वाले इस सौदे का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक खरीदारी की ये खबर आने के बाद बोइंग के शेयर में करीब 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

**ट्रंप ने बोइंग की डील को लेकर क्या कहा-** समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस ने ट्रंप के बयान और बोइंग की खरीदारी को लेकर टिप्पणी नहीं की है। खबर आने के बाद बोइंग के शेयर 4 फीसदी से अधिक गिर गए।चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू के दौरान कहा, 'एक बात जिस पर वह (चीन) आज सहमत हुए, वह 200 जेट का ऑर्डर देने जा रहे हैं... 200 बड़े वाले।'

# भारत ने चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई, फैसला सितंबर तक रहेगा प्रभावी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। निर्यात पर यह रोक 30 सितंबर या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। सरकार ने यह कदम देश में चीनी की उपलब्धता बनाए रखने और इसकी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उठाया है।

**भारत से चीनी निर्यात पर प्रतिबंध क्यों-** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, यह प्रतिबंध कच्ची, सफेद और परिष्कृत चीनी पर लागू होता है। सरकार ने नीति में बदलाव करते हुए चीनी को निषिद्ध श्रेणी में रख दिया है। सरकार ने कहा कि यह प्रतिबंध मौजूदा टैरिफ-दर कोटा और व्यवस्थाओं के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को चीनी निर्यात पर लागू नहीं होगा।



**खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर-** रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने स्थानीय कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। सरकार का यह कदम वैश्विक सफेद और कच्ची चीनी की कीमतों को सहारा दे सकता है। इससे ब्राजील और थाईलैंड जैसे प्रतिद्वंद्वी उत्पादकों को एशियाई और अफ्रीकी खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर मिलेगा। भारत, ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा चीनी निर्यातक है।

**अगले सीजन का उत्पादन शुरूआती अनुमानों से कम-** गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पहले मिलों को 1.59 मिलियन टन चीनी निर्यात की अनुमति दी थी। लेकिन अब उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से कम रहने की उम्मीद है। प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में गन्ने की पैदावार कमजोर हुई है। अल नीनो मौसम की स्थिति इस वर्ष के मानसून को बाधित कर सकती है। इससे अगले सीजन का उत्पादन शुरूआती अनुमानों से कम रहने का जोखिम बढ़ गया है।

**उत्पादन और निर्यात की वर्तमान स्थिति-** निर्यात के लिए स्वीकृत 1.59 मिलियन टन में से व्यापारियों ने लगभग 800,000 टन के अनुबंध किए थे। इसमें से 600,000 टन से अधिक चीनी पहले ही भेजी जा चुकी है। सरकार ने कच्ची और सफेद चीनी के निर्यात पर रोक लगाने की बात कही है। हालांकि, निर्यात पाइपलाइन में पहले से मौजूद शिपमेंट को कुछ शर्तों के तहत आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी।

**प्रतिबंध के नियम और बाजार पर प्रभाव-** यदि आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन से पहले लोडिंग शुरू हो गई थी, तो खेपों को अनुमति दी जाएगी। यदि शिपिंग बिल दाखिल किया गया था और जहाज भारतीय बंदरगाह पर पहले ही पहुंच चुका था, तो भी निर्यात की अनुमति होगी। यदि चीनी अधिसूचना के प्रकाशन से पहले सीमा शुल्क या संरक्षक को सौंप दी गई थी, तो भी शिपमेंट को मंजूरी मिलेगी। मुंबई के एक व्यापारी ने कहा कि फरवरी में दिए गए अतिरिक्त निर्यात कोटे के कारण व्यापारियों को अब निर्यात आदेश पूरे करने में परेशानी होगी।

### आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी के बाद

## सोना 8550 रुपये और चांदी 20500 रुपये महंगी, बाजार में अफरातफरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी के बाद 13 मई को सोने की कीमतें 8,550 रुपये और चांदी 20,500 रुपये उछली। सरकार ने गैर-जरूरी आयात कम करने के लिए शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% किया। जानें बाजार पर इसका असर, निवेशकों की राय और आगे की चुनौतियां।

सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया, जिसके बाद बुधवार, 13 मई को स्थानीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। सोने का दाम 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 20,500 रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त वृद्धि हुई। यह बढ़ोतरी सरकार के गैर-जरूरी आयात को कम करने के फैसले का सीधा परिणाम है।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली के बाजारों में चांदी का दाम 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछली बंद कीमत 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5 फीसदी से अधिक है। सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। प्लेटिनम पर भी आयात शुल्क 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी किया गया है। ये नई दरें बुधवार से ही प्रभावी हो गई हैं। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने और गैर-जरूरी खरीद को हतोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेशी मुद्रा व्यय को कम करने के लिए सोने की खरीद पर अंकुश लगाने का आह्वान किया था। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस उच्च शुल्क का वास्तविक प्रभाव आने वाले दिनों में खरीद बिलों में दिखाई देगा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के कमोडिटी अनुसंधान प्रमुख हरीश वी ने बताया कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी से स्थानीय कीमतें बढ़ेंगी और भौतिक मांग अस्थायी रूप से कम होगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता ने शराब नीति केस छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गुरुवार को शराब नीति घोटाला मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। स्वर्णकांता शर्मा ने कहा- जो जज अवमानना की कार्यवाही शुरू करते हैं वो मुख्य केस नहीं सुन सकते। मैं शराब नीति केस को चीफ जस्टिस के सामने लिस्ट करूंगी ताकि केस की सुनवाई कोई दूसरा जज कर सके।

स्वर्णकांता शर्मा केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पाठक, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह और विनय मिश्रा पर कंटेम्प्ट की कार्यवाही शुरू करेंगी। अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला केस से जस्टिस शर्मा को हटाने की मांग की थी। उनका आरोप था कि जस्टिस शर्मा पप्र के कार्यक्रम में 4 बार शामिल हो चुकी हैं। उनसे न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। अगर किसी पक्ष को अदालत के आदेश पर आपत्ति थी, तो उसे सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए था। इसके बजाय सोशल मीडिया के जरिए न्यायपालिका को निशाना बनाया गया और अदालत की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए। न्यायाधीशों का सम्मान उनकी कुर्सी से नहीं, बल्कि संविधान के मुताबिक निर्भीक फैसले देने से होता है। मुझे डराने की कोशिश हुई, लेकिन मैं नहीं डरूंगी। किसी फैसले की आलोचना करना अवमानना नहीं है, लेकिन सुनियोजित तरीके से न्यायपालिका की निष्पक्षता पर हमला करना आपराधिक अवमानना के दायरे में आता है। वाराणसी यूनिवर्सिटी में दिए गए मेरे व्याख्यान का 59 सेकंड का एडिटेड वीडियो वायरल किया गया। भगवान शिव और वाराणसी के संदर्भ को राजनीतिक रंग देकर पेश किया गया, जिससे अदालत की छवि खराब करने की कोशिश हुई। सोशल मीडिया पर चलाया गया अभियान केवल व्यक्तिगत हमला नहीं, बल्कि न्यायपालिका को बदनाम करने की कोशिश थी। झूठ को हजार बार बोलने से वह सच नहीं बन जाता और कोई भी व्यक्ति, चाहे कितना प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है।

### नई डेट पर चर्चा, अभी घोषणा बाकी

# NEET-UG एग्जाम कैंसिल होने के बाद पहली बैठक, शिक्षा मंत्री के घर अधिकारी पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

NEET पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर गुरुवार को हाईलेवल बैठक हुई। यह बैठक NEET-UG 2026 परीक्षा के रद्द होने के दो दिन बाद हुई। मीटिंग में NEET के दोबारा एग्जाम कराने पर चर्चा हुई। नई डेट की एनाउंसमेंट अभी बाकी है।

बैठक में उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी, स्कूली शिक्षा सचिव संजय कुमार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह, उइए चेयरपर्सन राहुल सिंह और केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।




NEET पेपर लीक पर देशभर में विरोध के बीच गुरुवार को अहमदाबाद में NSUI कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को काले झंडे दिखाए और काफिला रोकने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

CBI ने मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 5 आरोपियों को 7 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। वहीं, राजस्थान के सीकर से आरोपी मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है। शुभम ने ही यश को पेपर दिया था।

NEET पेपर लीक के बाद एग्जाम कैंसिल कर दिया है। जांच सीबीआई को दी गई है। इधर, मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर दिल्ली पुलिस ने एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जो ठएएल अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को टइइर में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी करता था।

**7 आरोपी गिरफ्तार**



मांगीलाल बिंवाल, राजस्थान
दिनेश बिंवाल, राजस्थान
विकास बिंवाल, राजस्थान
शुभम खैरनार, महाराष्ट्र
यश यादव, हरियाणा
धनंजय लोखंडे, महाराष्ट्र
मनीषा वाघमारे, महाराष्ट्र

## NEET मामला- माफिया ग्रुप पर पेपर 1 मई को लीक:

NEET 2026 का पेपर 1 मई को ही लीक कर दिया गया था। इसे प्राइवेट माफिया नाम के टेलीग्राम ग्रुप पर डाला गया था। इस पर भेजे गए सेट नंबर-12 के पेपर और 3 मई को हुई परीक्षा में आए 12 नंबर सेट में कई सवाल एक जैसे हैं।

इसका एक वीडियो भी सामने आया है। टेलीग्राम ग्रुप पर 1 मई की रात करीब 11:30 बजे डाले गए पेपर की PDF ओपन करने पर 12 नंबर का सेट दिखता है। इसकी पड़ताल करने के लिए हमने NEET के सेट नंबर-12 का पेपर निकाला। नंबर-23 और 24 भी वही हैं, जो प्राइवेट माफिया के पेपर में है। यहां तक कि सवाल नंबर भी वही है। सवाल नंबर-23 में लिखा है कि मोनोक्रोमेटिक लाइट की किरण एक प्रिज्म ABC से गुजर रही है। इस सवाल के साथ प्रिज्म की फोटो बनी है।

लीक पेपर और असली पेपर में वही फोटो है। यहां तक कि सवाल के चारों ऑप्शन भी एक ही हैं। यानी ऑप्शन नंबर 1 में 40 डिग्री, ऑप्शन 2 में 45 डिग्री, ऑप्शन 3 में 55 डिग्री और ऑप्शन 4 में 35 डिग्री लिखा है। यही चारों ऑप्शन लीक हुए पेपर में भी हैं। इसके बाद सवाल नबर-24 में जो सर्किट बनाया गया है, वही लीक पेपर और असली पेपर में भी है। प्राइवेट माफिया नाम के टेलीग्राम ग्रुप में कुल 402 मेंबर हैं। इसे 2024 में ही पेपर लीक के लिए बनाया गया था। 1 मई को पेपर अपलोड करने से पहले एडमिन प्राइवेट माफिया ने मैसेज में लिखा था कि हम जल्द ही फुल पेपर अपलोड कर रहे हैं। उसका पासवर्ड है LeakMafia@9466 है।

इस मैसेज के कुछ देर बाद ही रात में करीब 11:38 बजे लीक पेपर ग्रुप में डाल दिया गया। इसके बाद दूसरा मैसेज लिखा गया- जो पेपर हमने भेजा है। उसे सॉल्व कर लो।

### महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 45 डिग्री पार

# यूपी में आंधी-बारिश से मौत का आंकड़ा 111 पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राज्य में 111 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इन मौतों पर दुख जताया।

उधर का देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरवार को तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। जलगांव, वर्धा और अमरावती में भी पारा 45 डिग्री के ऊपर दर्ज हुआ। राजस्थान के फलोदी में तापमान 45.2डिग्री , जैसलमेर और बाड़मेर में 45.1ठ रिकॉर्ड हुआ। श्रीगंगानगर में 44.8डिग्री और जोधपुर में 44डिग्री पारा रहा। जयपुर, बीकानेर और नागौर में दिनभर हीटवेव जैसे हालात रहने के बाद शाम को बारिश हुई। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

इधर, यूपी में बांदा राज्य का सबसे गर्म जिला रहा। यहां तापमान 45.2डिग्री रहा। इसके अलावा गुजरात का भावनगर 45.2डिग्री और मध्य प्रदेश का खंडवा 44.5डिग्री के साथ अपने राज्य के सबसे ज्यादा गर्म शहर थे।



### अगले दो दिन के मौसम का हाल

16 मईः पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी यूपी में बारिश, तेज हवाएं चल सकती हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ ओले गिर सकते है। पहाड़ी इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है।

17 मईः राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी। आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में बिजली चमकने और तेज हवाओं के साथ खराब मौसम की चेतावनी है।

राजस्थान में हीटवेव और तेज गर्मी के कहर के बीच आंधी-बारिश का मौसम लगातार जारी है। गुरवार को प्रदेश सुबह से दोपहर तक तेज गर्मी और लू से तपा। लेकिन दोपहर बाद जयपुर सहित कई जिलों में बारिश हुई। मौसम का ये चक्र शुक्रवार को भी बने रहने की संभावना है, जबकि 16 के बाद से अगले एक सप्ताह लगातार तेज गर्मी, हीटवेव का दौर रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को राजस्थान के 10 जिलों में आंधी बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, तीन जिलों में हीटवेव का ऑरेंज और एक में यलो अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में दोपहर तक मौसम साफ रहा और तेज गर्मी के साथ पश्चिमी जिलों में लू चली। बाड़मेर, जैसलमेर में गुरवार दिन में सबसे ज्यादा गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फलोदी, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर के इलाके भी हीटवेव की चपेट में रहे। इधर पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, अजमेर, कोटा संभाग के एरिया में भी तेज गर्मी रही और दिन में कई इलाकों में लू चली। राजधानी में शाम को करीब 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज आंधी चली। शहर के अधिकतर हिस्सों में हुई तेज बारिश से तापमान करीब 5 से 6 डिग्री लुढ़ककर 36 डिग्री सेल्सियस तक आ गया।

## उदयनिधि बोले- हम भगवान में आस्था के खिलाफ नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तमिलनाडु के पूर्व डिप्टी उट उदयनिधि स्टालिन ने सनातन खत्म वाले अपने बयान पर 2 दिन बाद सफाई दी। उदयनिधि ने कहा- मेरे बयान को गलत समझा जा रहा है। मैं लोगों के मंदिर जाने के खिलाफ नहीं बस वहां जाति के आधार पर जो भेदभाव होता है, उस सोच को खत्म करना होगा। उदयनिधि स्टालिन ने 12 मई को विधानसभा में कहा कि सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए। यह लोगों को बांटता है। उन्होंने पहले 2023 में भी सनातन को डेंगू, मलेरिया बताया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। उदयनिधि ने सोशल मीडिया पर लिखा- तमिलनाडु विधानसभा में जब मैंने कहा था कि 'लोगों को बांटने वाले सनातन को खत्म होना चाहिए' तो कुछ लोग मेरी आलोचना कर रहे हैं। लेकिन मैं ऐसी आलोचनाओं से डरने वाला नहीं हूं। द्रविड़ आंदोलन हमेशा विरोध के बीच ही आगे बढ़ा है। इसलिए मैं सिर्फ एक छोटी-सी बात साफ करना चाहता हूं। जब मैं कहता हूं कि सनातन खत्म होना चाहिए, तो इसका मतलब यह नहीं है कि कोई मंदिर न जाए। इसका मतलब यह है कि मंदिरों में ही नहीं, बल्कि समाज में भी सभी लोगों को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। मैं उस सोच को खत्म करने की बात कर रहा हूं, जो लोगों को ऊंची और नीची जाति में बांटती है। मैं वही विचार रख रहा हूं, जिनकी बात पेरियार, अंबेडकर, अन्ना और करुणानिधि ने की थी।

## ब्रीक्स से अमेरिका की निंदा की अपील

# ट्रम्प बोले- चीन होर्मुज खोलने में मदद को तैयार:ईरान ने होर्मुज के लिए नए प्रोटोकॉल जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिसबेन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावा किया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने होर्मुज को खुला रखने में मदद की पेशकश की है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि शी जिनपिंग चाहते हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता हो जाए।

ट्रम्प के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि अगर मैं किसी तरह मदद कर सकता हूं, तो मैं मदद करना चाहूंगा। चीन बड़ी मात्रा में ईरानी तेल खरीदता है, इसलिए उसकी भी दिलचस्पी है कि होर्मुज खुला रहे। उन्होंने कहा, जो देश इतना ज्यादा तेल खरीदता है, उसका जाहिरतौर पर ईरान के साथ रिश्ता होता है। चीन चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहे। वहीं, ईरान ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को ईरान की निगरानी और मंजूरी से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने इफ्क्ष्रर देशों से अपील की है कि वो अमेरिका और इजराइल की निंदा करें।

### ईरान ने चीनी जहाजों को होर्मुज से गुजरने दिया

ईरानी मीडिया के मुताबिक की निगरानी में कई चीनी जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकाला गया। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ साजिश करने वालों को जवाब दिया जाएगा। उनका बयान नेतन्याहू के कथित वअए दौरे के दावे के बाद आया।

नई दिल्ली में इफ्क्ष्रर बैठक के दौरान ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने अमेरिका और इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ने का आरोप लगाया और इफ्क्ष्रर देशों से खुलकर विरोध की अपील की। मुताबिक होर्मुज में तनाव बढ़ने के बाद अब तक 70 व्यापारिक जहाजों ने अपना रूट बदल लिया है।

ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका को होर्मुज स्ट्रेट खुला रहने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका क्षेत्र में इजराइल, सऊदी अरब, वअए, कतर, कुवैत और बहरीन जैसे देशों की मदद के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहने का फायदा चीन और दूसरे देशों को ज्यादा है। हालांकि होर्मुज स्ट्रेट बंद रहने से पेट्रोल और जेट फ्यूल की कीमतों में तेजी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में रेगुलर पेट्रोल की औसत कीमत 4.53 डॉलर प्रति गैलन पहुंच गई है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान से बातचीत में उनकी प्राथमिक चिंता अमेरिकी अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि ईरान के पास परमाणु हथियार न हों। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ईरान होर्मुज को अमेरिका के खिलाफ दबाव बनाने के हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।




### ईरान बोला- युद्ध के बीच अफगानिस्तान के रास्ते लौटे कई नागरिक

अफगानिस्तान में ईरानी दूतावास ने कहा है कि हालिया युद्ध के दौरान विदेशों में मौजूद कई ईरानी नागरिक अफगानिस्तान के रास्ते वापस देश लौटे। दूतावास के मुताबिक, अफगान सरकार की मदद से लोगों को हेरात-मशहद मार्ग से ईरान पहुंचाया गया। हालांकि पोस्ट में यह नहीं बताया गया कि कितने नागरिक इस रास्ते से ईरान लौटे। हेरात-मशहद मार्ग ईरान और अफगानिस्तान के बीच अहम रास्तों में गिना जाता है।

# अमेरिका में चीन के सीक्रेट पुलिस स्टेशन का खुलासा, न्यूयॉर्क का रहने वाला जियानवांग दोषी



न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट ने अमेरिकी नागरिक लू जियानवांग को चीन सरकार की ओर से सीक्रेट पुलिस स्टेशन चलाने के मामले में दोषी ठहराया है। अभियोजन पक्ष का दावा है कि यह स्टेशन मैनहटन के चाइनाटाउन इलाके में संचालित हो रहा था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 64 वर्षीय लू जियानवांग चीन के पब्लिक सिक्योरिटी मंत्रालय के लिए काम कर रहा था। उसे हैरी लू के नाम से भी जाना जाता है। जूरी ने उसे चीन सरकार के अवैध एजेंट के तौर पर काम करने और जांच में बाधा डालने के आरोप में दोषी माना है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार कथित पुलिस स्टेशन 2022 की शुरूआत में शुरू किया गया था। यह मैनहटन के चाइनाटाउन में एक रामेन स्टॉल के ऊपर पूरे फ्लोर में चल रहा था। ऋइकजांच शुरू होने के बाद 2022 के अंत में इसे बंद कर दिया गया।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति ईरानी एक्ट्रेस को मैसेज करते थे:दावा- मैक्रों को इस वजह से पत्नी ने थप्पड़ मारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को वियतनाम में उनकी पत्नी ब्रिजित मैक्रों ने ईरानी मूल के एक्ट्रेस के कारण थप्पड़ मारा था। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, यह दावा फ्रांसीसी पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने अपनी नई किताब 'एन (ऑलमोस्ट) परफेक्ट कपल' में किया है।

यह किताब बुधवार को प्रकाशित हुई। किताब में कहा गया है कि यह विवाद ईरानी मूल की अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच कथित चैट की वजह से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों अभिनेत्री को मैसेज भेजते थे। एक मैसेज में उन्होंने कथित तौर पर लिखा था, 'मुझे तुम बहुत खूबसूरत लगती हो।' फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैक्रों और फराहानी के बीच कई महीनों तक 'प्लेटोनिक रिलेशनशिप' (दोस्ती वाला रिश्ता) बना रहा। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि यह रिश्ता सिर्फ भावनात्मक और निजी बातचीत तक सीमित था।

मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं। हालांकि, ब्रिजित मैक्रों की टीम ने इन सभी दावों को गलत बताया है। उनके प्रतिनिधियों ने कहा कि ब्रिजित कभी अपने पति का मोबाइल फोन नहीं देखतीं और किताब में कही गई बातें सच नहीं हैं। दूसरी तरफ अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी ने भी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ किसी रिश्ते की खबरों को पहले ही खारिज कर दिया था। मार्च में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि कुछ लोग प्यार की कमी की वजह से ऐसी कहानियां बना लेते हैं।

### दावा- एक्ट्रेस की वजह से पति-पत्नी में विवाद बढ़ा

किताब के मुताबिक, पिछले साल मई में जब मैक्रों कपल वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे थे, तब विमान से उतरने से कुछ समय पहले ब्रिजित मैक्रों ने अपने पति के फोन में एक्ट्रेस का एक मैसेज देखा। इसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। इसी दौरान कैमरों में एक ऐसा वीडियो रिकॉर्ड हुआ, जिसमें ब्रिजित मैक्रों अपने पति को थप्पड़ मारती हुई दिखाई दीं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था और दुनिया भर में इसकी चर्चा हुई थी। पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने कहा कि एक्ट्रेस के मैसेज की वजह से पति-पत्नी के बीच तनाव पैदा हुआ और यही निजी विवाद बाद में सार्वजनिक हो गया। किताब में एक दोस्त के हवाले से लिखा गया है कि ब्रिजित मैक्रों को ऐसा लगा कि उनकी जगह धीरे-धीरे कम होती जा रही है। जब यह वीडियो पहली बार सामने आया था, तब राष्ट्रपति मैक्रों की टीम ने पहले कहा था कि वीडियो नकली या अकसे बना हो सकता है।

# ट्रम्प आज दूसरी बार चीनी राष्ट्रपति से मिलेंगे, 9 लाख करोड़ की बोइंग डील हो सकती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आज चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दूसरी बार मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं की बैठक पर दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बैठक में करीब 9 लाख करोड़ की बड़ी बोइंग विमान डील हो सकती है। चीन अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से बड़ी संख्या में विमान खरीदने का समझौता कर सकता है। इस मुलाकात में व्यापार और निवेश के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। इनमें ताइवान को लेकर बढ़ता तनाव और ईरान से जुड़ी जंग की स्थिति भी शामिल है।



अमेरिका और चीन के बीच पिछले कुछ समय से व्यापार, तकनीक और सुरक्षा को लेकर तनाव बना हुआ है। हालांकि, दोनों देश रिश्तों को बेहतर करने की कोशिश भी कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ स्टेट डिनर में अमेरिका और चीन के ऐतिहासिक रिश्तों का जिक्र किया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और चीन के लोगों के बीच लंबे समय से आपसी सम्मान की भावना रही है।

ट्रम्प ने आगे बताया कि अमेरिका के संस्थापक नेताओं में से एक बेंजामिन फ्रैंकलिन ने चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस के विचारों को लोगों तक पहुंचाया था। चीन के लोगों ने अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन की याद में एक स्मारक पत्थर भेंट किया। उस पर उन्हें महान नेता और सेनापति बताया गया था। साथ ही, ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाली रेलवे लाइन बिछाने में चीनी मजदूरों का बड़ा योगदान था। वहीं, अमेरिका से चीन जाने वाले यात्रियों ने वहां शिक्षा और आधुनिक चिकित्सा के प्रसार में मदद की।

### ट्रम्प-जिनपिंग के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत संभव


अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर अब भी बड़ा मुद्दा है। ट्रम्प पहले चीनी सामान पर भारी टैरिफ की चेतावनी दे चुके हैं। दोनों देश अब व्यापारिक तनाव कम करने पर बातचीत कर सकते हैं।

ताइवान को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। ट्रम्प ने कहा है कि वह शी जिनपिंग से 11 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार पैकेज पर बात करेंगे। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और अमेरिकी हथियार बिक्री का लगातार विरोध करता रहा है।

रेयर अर्थ मिनरल्स इलेक्ट्रिक व्हीकल, चिप्स और डिफेंस इंडस्ट्री के लिए बेहद अहम हैं। चीन दुनिया का सबसे बड़ा सप्लायर है, जबकि अमेरिका उसकी निर्भरता कम करना चाहता है। अक और सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी को लेकर भी दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो चुकी है।

चीन अमेरिकी किसानों के लिए बड़ा बाजार है। ट्रेड वॉर के बाद चीन ने अमेरिकी सोयाबीन खरीद घटाई थी। अब ट्रम्प प्रशासन कृषि निर्यात बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |


### बाएं से दाएं

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण-4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

### ऊपर से नीचे

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2, 3
15. हाथी साधने वाला-4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | | 55 | | 35 | | 20 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 20 | | 75 | | 10 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 23 | | 3 | | 55 | | 15 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 30 | | 45 | | 20 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 7 | | 8 | | 10 | | 5 | = | [illegible] / 10 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | श | मु | श | सी | बै | ड | मिं | ट | न | र |
| रा | क्रि | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कॉ | क्स |
| य | के | जुं | हे | लि | कु | ना | न | व | टि | रु |
| ई | ट | फु | न | श | या | श्ती | क | ले | ज | प |
| प | दा | ह | ट | बे | तो | ही | थ | गो | र | त |
| टे | स | क | प | बा | स | ए | व | ज | वॉ | व |
| ट | खि | न | न | जी | ल | ह | रं | गो | ली | द |
| क | र | ल | प | क्श | प | त | र | चो | वॉ | ख |
| र | व | त | टे | रा | श | त | य | अ | ल | अ |
| क | र | ल | प | लि | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | क | स | खि | हॉ | की | त | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 2 | 4 |
| | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 5 | | 4 | | 1 | 6 |
| 6 | 30 | 3 | 27 | 1 | 33 | 5 |
| | 3 | | | 5 | 6 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | |
| 4 | 7 | | | | 2 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ




## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



■ वर्ष-12 अंक-191 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 15 मई, 2026

## सुभाषितानि

माधुर्यं अक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः।
धैर्यं लयसमर्थं च षडेते पाठके गुणाः।।

**भावार्थ** : माधुर्य, स्पष्ट उच्चारण, मार्ग, मधुर स्वर, धैर्य और तप- ये एक पाठक के छह गुण हैं।

गीती शीघ्री शिरः कम्पी तथा लिखित पाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः।।

**भावार्थ** : गाकर पढ़ना, जल्दी पढ़ना, पढ़ते समय सिर हिलाना, लिखा हुआ पढ़ना, बिना अर्थ जाने पढ़ना और धीमी आवाज में बोलना पाठक के छह दोष हैं।

## सम्पादकीयम्

### न्यायालये प्रकरणम्

एतेन स्त्रियः पीडनस्य अधिकं दुर्बलाः न भवन्ति? कानूननिमार्तारः महिलानां सुरक्षां वर्धयितुं अभिप्रायेन बलात्कारस्य नूतना परिभाषां निर्मितवन्तः; तथापि एवं कुर्वन्तः अपवादानाम् व्याप्तिः अप्रमादेन विस्तारितवन्तः। न्यायालये प्रकरणम् :वैवाहिकबलात्कारस्य विषयः सम्प्रति सर्वोच्चन्यायालये लम्बितः अस्ति। त्रयः न्यायाधीशाः अस्य विषयस्य श्रवणं कर्तुं निश्चिताः सन्ति। वैवाहिकबलात्कारं अपराधरूपेण स्थापयितुं याचिकायां अन्येषु अनेकेषु देशेषु एतादृशाः कानूनी प्रावधानाः पूर्वमेव विद्यन्ते इति तर्कः। अपि च, एषः विषयः समाजस्य अन्तः बहुवर्षेभ्यः प्रचलति सार्वजनिकविमर्शस्य विषयः अस्ति। सरकारस्य वृत्तिः न्यायालये दाखिले शपथपत्रे सर्वकारेण प्रतिपादितं यत् पतिपत्न्याः यौनसम्बन्धं बलात्कारस्य परिधिमध्ये आनयितुं कठोरः उपायः भविष्यति। तस्य मतं यत एतादृशेन कदमेन तीव्रसामाजिककानूनीप्रतिकूलता भविष्यति, सम्भाव्यतया विवाहसंस्थायाः एव क्षतिः भविष्यति। तथापि भायार्याः सहमतिस्य उल्लङ्घनं भर्तुः मौलिकः अधिकारः नास्ति इति सर्वकारेण स्वीकृतम्। अविवाहितानां महिलानां कृते लाभाः भारतीयन्यायसंहिता इत्यत्र सम्प्रति अन्येषु अप्राकृतिकयौनक्रियाः बाध्यं कुर्वतां विरुद्धं विशिष्टकानूनीप्रावधानानाम् अभावः अस्ति। बलात्कारस्य परिभाषा यद्यपि अविवाहितानां महिलानां नाबालिकानां च बलात् अप्राकृतिककर्मणां विरुद्धं रक्षणं ददाति तथापि विवाहितानां।

**सांसद उच्चन्यायालये मृत्युदण्डस्य चुनौती : निम्नन्यायालयेन**

# बालस्य बलात्कार-हत्यायाः सामूहिकहत्यायाः च दण्डः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अभियुक्ताः जबलपुर उच्चन्यायालये निम्नन्यायालयस्य निर्णयं-तेषां मृत्युदण्डं दत्तवन्तः- आव्हानं कृतवन्तः। एतेषु प्रकरणेषु शहडोलमण्डलस्य खैरहापुलिसस्थानक्षेत्रस्य अन्तः ३ वर्षीयायाः बालिकायाः बलात्कारः हत्या च, मण्डलामण्डलस्य मनेरीनगरे षट् जनानां हत्या च अस्ति मंगलवासरे उभयविषयेषु प्रारम्भिकसुनवायीम् आयोजयन् न्यायमूर्तिः विवेक अग्रवालः न्यायाधीशः अवनीन्द्रकुमारसिंहः च सन्ति इति संभागपीठेन अग्रिमसुनवायी मे १२ दिनाङ्के निर्धारिता अस्ति।

३ वर्षीयस्य बालस्य बलात्कारः हत्या च : १. शहडोलमण्डलस्य खैरहापुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे एव एषा घटना अभवत्। २०२३ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य ३ दिनाङ्के तस्मिन् एव ग्रामस्य एकः युवकः प्रथमं ३ वर्षीयायाः बालिकायाः बलात्कारं कृतवान् तदनन्तरं तस्याः क्रूररूपेण हत्यां कृतवान्। घटनासमये बालस्य माता विवाहे भागं ग्रहीतुं गता आसीत्, तस्याः पिता तु पूर्वमेव कारागारे आसीत्। पुनरागमने माता गृहस्य अन्तः अचेतनं शयितं बालकं दृष्टवती, यस्य शरीरे तीव्रक्षतचिह्नानि आसन्। तदनन्तरं चिकित्सापरीक्षाभिः बालस्य बलात्कारः कृतः इति पुष्टिः अभवत्। अभियुक्ता मादकद्रव्याणां प्रभावे बालिकायां शारीरिकप्रहारं कृतवती इति स्वीकृतवती, शिकायतां कृता चेत् तस्याः वधस्य धमकी अपि स्वीकृतवती। २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य १३ दिनाङ्के बुधर-नगरस्य विशेष-पोक्सो-न्यायालयस्य न्यायाधीशः सुशीलकुमार-अग्रवालः अभियुक्तं-यस्य परिचयः भानुः (उर्फ रामनारायण धीमेरः) इति-इत्यस्याः घटनायाः कुख्यातस्य 'निर्भया'-प्रकरणस्य च समानान्तरं कृत्वा मृत्युदण्डं दत्तवान्।

मनेरी हत्याः : षट् जनानां वधः : १. एषा घटना २०२० तमस्य वर्षस्य जुलै-मासस्य १५ दिनाङ्के अभवत्। मण्डला-मण्डलस्य मनेरी-नगरे प्रधानमन्त्रि-आवासयोजनायाः (प्रधानमन्त्री-आवास-योजनायाः) अन्तर्गतं आवास-आवंटनस्य विषये द्वयोः गुटयोः मध्ये विवादः उत्पन्नः आसीत् अस्मिन् प्रकरणे अभियुक्तः-हरिः उर्फ हरीशः-भ्रात्रा सन्तोषेण सह कुठारस्य खड्गस्य च उपयोगेन चतुर्णां मातुलभ्रातृणां द्वयोः निर्दोषयोः च हत्यायाः षड्यंत्रस्य आरोपः अस्ति अस्मिन् समये अन्ये पञ्च जनाः अपि गम्भीररूपेण घातिताः अभवन्। हत्यानां पृष्ठतः प्रेरणा अभियुक्तस्य विश्वासे मूलभूतम् आसीत् यत् तस्य मातुलपुत्रः-यः उपसरपञ्चरूपेण कार्यं करोति स्म-प्रधानमन्त्री आवासयोजनायाः (प्रधानमन्त्री आवासयोजनायाः) लाभाथीर्सूचिकातः।

**केचन स्वस्य जेबतः**

## मन्दिरस्य अथवा चिकित्सालयाः निमार्णार्थं निधिं दातुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सर्वकारीयाधिकारिणां सहकार्यं सुनिश्चित्य च एतत् निर्भरं भवति। वयं जानीमः यत्, पूर्वं अस्मात् प्रदेशात् प्रवासिनः अवकाशकाले एव मारवाड़-नगरं गच्छन्ति स्म। केचन स्वस्य जेबतः मन्दिरस्य अथवा चिकित्सालयाः निमार्णार्थं निधिं दातुं पुनः आगच्छन्ति स्म; अन्ये विद्यालयान् महाविद्यालयान् वा निर्मास्यन्ति स्म; केचन बसस्थानकात् आरभ्य छात्रछात्रावासपर्यन्तं सुविधाः निर्मास्यन्ति स्म; अन्ये तु स्वग्रामेषु चिकित्साशिबिराणां आयोजनं कुर्वन्ति स्म। परन्तु औद्योगिक उद्यमानाम् स्थापनायाः परम्परा ५० वषार्णां विरामस्य अनन्तरमेव पुनरागमनं कृतवती अस्ति। सेलो समूहस्य संस्थापकः घिसुलाल बादमिया एकः समर्पितः समाजसेवकः आसीत् यः स्वस्य मूलगोडवाडक्षेत्रस्य प्रति गहनं स्नेहं धारयति स्म। फलतः प्रदीपराठोडः स्वपितुः स्वप्नस्य पूर्तये उपक्रमं कृतवान्, स्वस्य सेलो-निर्माणसंस्थानं फाल्ना-नगरम् आनयत्।

गेहलोतः विश्वासं अर्पितवान्; भजनलाल आश्वासन प्रदान करता मारवारीजनानाम् मातृभूमिप्रेम सत्यमेव असाधारणम् अस्ति। मुम्बईतः जीवन-मरण-घटनानां वार्ताम् प्रसारयन्ते सति अपि ते स्वस्य मूलग्रामान् प्राथमिकताम् अददात्-विशेषतः मरुधर-नगरे पुनः एतादृश-ग्रामस्य उद्धरणं ददति। एतेन एव प्रेम्णा बद्धाः एते प्रवासिनः अधुना मारवाड़ं प्रति प्रत्यागच्छन्ति। ते स्वदेशीयभूमौ विश्वासं कुर्वन्ति इति कारणेन उद्योगान् स्वैः सह आनयन्ति। आशायाः विश्वासस्य च एषा भावना मूलतः अशोकगहलोट् इत्यनेन प्रज्वलिता, यः प्रवासीसमुदायेन सह परस्परविश्वासस्य बन्धनं कृतवान् तथापि अन्ते गेहलोट्-प्रशासनस्य समाप्तिः।

## माफीप्रयोगानन्तरं-अधिकतमं द्वयोः किस्तयोः निक्षेपणं करणीयम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भविष्यन्ति ये निर्धारितप्रक्रियानुसारं समये एव भुक्तिं कुर्वन्ति। योजनानुसारं शेषं शेषं-माफीप्रयोगानन्तरं-अधिकतमं द्वयोः किस्तयोः निक्षेपणं करणीयम्। अस्याः व्यवस्थायाः अन्तर्गतं राष्ट्रियलोक-अदालत-दिने-अर्थात् मे-मासस्य ९ दिनाङ्के-राशिस्य न्यूनातिन्यूनं ५०% निक्षेपः अनिवार्यः अस्ति, यदा तु शेषं शेषं ततः एकमासस्य अन्तः निक्षेपणं करणीयम् नगरनिगमेन नगरनिवासिनः आह्वानं कृतं यत् ते एतत् विशेषं अवसरं गृहीत्वा स्वस्य दीर्घकालं यावत् लम्बितकरबकायाः निराकरणं कुर्वन्तु, येन भविष्ये कानूनीप्रक्रियाः अतिरिक्तवित्तीयभाराः च परिहृताः भवेयुः। प्रशासनस्य मतं यत् एषा योजना न केवलं नागरिकेभ्यः राहतं प्रदास्यति अपितु निगमस्य राजस्वपुनर्प्राप्तिप्रयासानां त्वरिततां अपि करिष्यति।

## राशिफल

**मेष** : 15 मई के दिन प्रेम संबंधी परेशानियों को मैच्योर रवैये के साथ संभालें। व्यावसायिक चुनौतियां सॉल्व हो जाएंगी।

**वृषभ** : 15 मई का दिन आपके लिए सुखी रोमांटिक जीवन और बिजी कार्यालय कार्यक्रम की भविष्यवाणी करता है।

**मिथुन** : प्रेम जीवन पर किसी भी बाधा का प्रभाव नहीं पड़ेगा। ऑफिस में चुनौतियों का सामना करने सॉल्व करने के लिए तैयार रहें।

**कर्क** : 15 मई के दिन रिश्ते में आ रही सभी परेशानियों को दूर करें। पेशेवर प्रदर्शन के लिहाज से आपका दिन बढ़िया रहेगा।

**सिंह** : 15 मई के दिन प्रेम जीवन में चल रही परेशानियों को सुलझाएं। व्यावसायिक जीवन को उत्पादक बनाए रखें।

**कन्या** : 15 मई के दिन लव लाइफ में उतार-चढ़ाव रहेगा। फाइनेंशियली आपको कुछ नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**तुला** : 15 मई के दिन आज प्रेम जीवन में शांत रहें और सुनिश्चित करें कि आप ऑफिस में प्रोडक्टिव हों।

**वृश्चिक** : 15 मई के दिन अपनी फीलिंग्स को पार्टनर के साथ शेयर करना अच्छा रहता है, जिससे गलतफहमी पैदा नहीं होती।

**धनु** : 15 मई के दिन आज जीवन में थोड़ी-बहुत हलचल रहेगी। कोई गुड न्यूज आपको मिल सकती है।

**मकर** : 15 मई के दिन हेल्थ पर नजर रखें। अपनी हॉबी को समय दें। आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है।

**कुंभ** : 15 मई के दिन हेल्थ पर भी फोकस करने की जरूरत है। आज आप प्रोडक्टिव महसूस कर सकते हैं।

**मीन** : 15 मई के दिन इन्वेस्टमेंट करना आज लाभदायक नहीं रहेगा। आज पॉजिटिव रहने की सलाह दी जाती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि जयंती पर 'शनिवार' का दुर्लभ संयोग, इन राशि वालों को नौकरी-कारोबार में होगा जबरदस्त लाभ

ज्योतिषियों के अनुसार, शनि जयंती पर बन रहे इस खास संयोग से कई लोगों के जीवन में आर्थिक मजबूती आ सकती हैं। साथ ही मानसिक शांति और करियर में प्रगति के संकेत भी प्राप्त होंगे।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर शनि देव का जन्म हुआ था, इसलिए हर वर्ष इस दिन शनि जयंती मनाई जाती है। साल 2026 में शनि जयंती 16 मई को मनाई जा रही हैं। संयोग की बात यह है कि, इस तिथि पर शनिवार का दुर्लभ संयोग रहेगा, जो न्याय के देवता को समर्पित दिन है।



ज्योतिषियों के अनुसार, शनि जयंती पर शनिवार का संयोग लगभग 13 वर्षों बाद बन रहा है, जिससे इस पर्व का महत्व कई गुना बढ़ गया है। ज्योतिष शास्त्र में शनिवार और शनि जयंती का एक साथ पड़ना बेहद शुभ और दुर्लभ संयोग माना जाता है।

कहते हैं कि, शनि देव व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। उनकी शुभ दृष्टि जहां जीवन में सफलता-सम्मान दिलाती है, वहीं अशुभ प्रभाव व्यक्ति को संघर्ष और चुनौतियों का सामना भी करा सकता है। ऐसे में शनि जयंती का प्रभाव बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसपर बन रहे शुभ योग कुछ राशियों के लिए विशेष लाभकारी साबित हो सकते हैं। आइए इनके नाम जानते हैं।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए शनि जयंती का यह शुभ संयोग बेहद लाभकारी माना जा रहा है। इस समय आपको सभी ओर से विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। लंबे समय से चल रहा मानसिक तनाव धीरे-धीरे कम हो सकता है। अटके कार्यों को गति मिलने से मन प्रसन्न रहने वाला है। इस समय आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं। रुके हुए कार्यों में भी गति आ सकती है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत बनेगी।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों पर शनि देव की विशेष कृपा बनी रह सकती हैं। कोई घर मकान का सपना आप पूरा करने में कामयाब रहेंगे। घर-परिवार का माहौल पहले से अधिक सुखद और सकारात्मक रहेगा। इसके अलावा मानसिक रूप से आप खुद को ज्यादा संतुलित महसूस कर सकते हैं। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। नई नौकरी के भी योग हैं। लंबे समय से अटके कार्यों के पूरे होने की संभावना भी दिखाई दे रही है। आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए यह समय नई शुरूआत और प्रगति का संकेत दे रहा है। माना जा रहा है कि, आप अपने लक्ष्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए नई योजनाओं पर काम शुरू करने का समय अनुकूल माना जा रहा है। कोई व्यक्ति जीवन में दस्तक भी दे सकता है। व्यापार में कोई आर्थिक लाभ बड़े स्तर पर मिलने की संभावनाएं रहेंगी। नए लोगों से संपर्क बन सकते हैं, जो भविष्य में लाभ देंगे। आर्थिक मामलों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### पति ने मोबाइल नहीं दिया था पत्नी लगाई फांसी

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील की पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम बांदका स्थित पारदी बलडा में रहने वाली सुभामीबाई और उसके पति विशाल गुजरिया ने रात में शराब का सेवन किया। कुछ देर बाद सुभामीबाई ने मोबाइल चला रहे पति से मोबाइल मांगा। पति ने देने से इंकार किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया। पति विशाल सो गया। रात 2 बजे नींद खुली तो उसने पत्नी सुभामी को फंदे पर लटका देखा। परिजनों की मदद से नीचे उतारा और आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मामले पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि परिवार महिला का फंदे से उतारकर उज्जैन ले गया। चिमनगंज पुलिस द्वारा मर्ग डायरी भेजने पर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### पारिवारिक विवाद के जहर खाने वाले युवक की मौत

**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम पासलौद में रहने वाले सोमेश पिता देवीलाल वर्मा 30 साल ने पारिवारिक विवाद के चलते बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में बुधवार-गुरूवार रात सोमेश की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि सोमेश मजदूरी करता था और कुछ समय से उसका परिवार में ही विवाद चल रहा था। सोमेश 3 बच्चों का पिता था। मामले की जांच उन्हेल पुलिस परिजनों से पूछताछ के बाद शुरू करेगी।

### चार युवकों ने 14 साल के बालक को मारे चाकू

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के सरमस्त कालोनी दरगाह के सामने क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में लक्की, जुनैद, आसिफ और फहराज ने चाकू से 14 वर्षीय अकरान पिता युसुफ खान निवासी मदारबड़ पर हमला कर दिया। नाबालिग के गंभीर घायल होने पर उसे तराना अस्पताल ले जाया गया, जहां से उज्जैन रैफर किया गया है। मामले में तराना थाना पुलिस ने घायल बालक की ओर से चाचा फिरोज खान की शिकायत पर चारों हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि अकरान नया बल्ला खरीदकर लाया था। क्रिकेट खेलने के दौरान हमलावरों ने बल्ला मांगा था, जिसे देने से अकरान ने मना कर दिया था। जिसको लेकर विवाद हुआ था। उस वक्त मामला शांत हो गया था, कुछ देर बाद चारों ने आकर चाकू मार दिये।

### तबीयत बिगड़ने के 2 दिन बाद थमी कर्मचारी की सांस

**उज्जैन।** सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदर्श पिता प्रभाकर 39 साल निवासी महानंदानगर की 2 दिन पहले कार्यालय में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान गुरूवार शाम मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आदर्श फूड पॉयजिनिंग का शिकार हुआ था। पिता के स्थान पर अनुकंपा में उसकी नौकरी लगी थी। माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 679-2 | 479-0 |
| मेन बाजार | 237-2 | 224-8 |
| मिलन डे | 138-2 | 568-9 |
| मिलन नाइट | 289-9 | 345-2 |

2 7 8

### धारदार हथियार से 53 माह पहले हुई हत्या के मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला

# हत्या करने वाले 14 आरोपियों को आजीवन कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धारदार हथियार से 53 माह पहले हुई हत्या के मामले में सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए हत्या में शामिल रहे 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई थी।


माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम गोदड़ी में 8 नवम्बर 2021 मवेशी चराने निकले 60 साल के रामचंद्र पिता मांगीलाल गुर्जर पर धारदार हथियारों से 15 लोगों ने हमला दिया था। शोर सुनकर रामचंद्र का भाई और परिवार के अन्य सदस्य जो मवेशी चराने साथ निकले थे, वह मौके पर पहुंचे। इस दौरान अम्बराम गुर्जर ने बंदूक दिखाकर परिवार को धमकाया और उसके साथियों ने हमला कर रामचंद्र की हत्या कर दी। मामले की सूचना मिलने पर माकडोन प्रभारी रहे दिवंगत एसआई अशोक शर्मा पुलिस टीम के साथ ग्राम गोदडी तालाब कालाभाटा मौके पर पहुंचे थे। रामचंद्र की मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर 15 लोगों को आरोपी बनाया था और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। इस दौरान सामने आया था कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है और हत्या करने वाले मृतक के समाज से जुड़े गुर्जर परिवार के लोग है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद वर्ष 2022 में सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान एक आरोपित अम्बाराम पिता केसरसिंह की मौत हो गई थी। 53 माह बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेमा साहू ने धारा 302 सहपठित धारा 149 भादवि में आरोपी मदन पिता शंकरलाल गुर्जर, राजेश पिता रामलाल गुर्जर, भोमसिंह पिता राजाराम गुर्जर, भगवान पिता अंबाराम गुर्जर, देवकरण पिता नारायण गुर्जर, होकम पिता देवीसिंह, वीरम उर्फ विक्रम पिता देवीसिंह गुर्जर, अटल पिता लाखन सिंह गुर्जर, उमराव पिता नागुसिंह, रमेश पिता राजाराम गुर्जर, रतन पिता शंकरलाल गुर्जर, बद्रीलाल पिता शंकरलाल गुर्जर, गोपाल पिता मदनलाल गुर्जर, मुकेश पिता रामचंद्र गुर्जर को आजीवन कारावास के साथ 1-1 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। वही धारा 148 भादवि में 3-3 साल के साथ धारा 147 भादवि में 2-2 साल की सजा और अर्थदंड का फैसला सुनाया। प्रकरण में प्रभारी उप-निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर द्वारा पुलिस को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं विशेष लोक अभियोजक शिरीष उपासनी द्वारा मामले में पैरवी की गई। जिसमें विमल कुमार सिंह एडीपीओ द्वारा सहयोग किया गया।

### पुत्र के साथ मां भी रहेगी सलाखों में

हत्या के मामले में 25 माह बाद न्यायालय ने पुत्र के साथ मां को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीसिंह भदौरिया के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने रेखा पति दिनेश वाघेला 41 साल और उसके पुत्र दीपक उर्फ रजनीश वाघेला 20 साल निवासीगण भोई मोहल्ले के पास ग्राम रूई धारा 302 में सजा सुनाई है। मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र का 19 अप्रैल 2024 को था। थाना क्षेत्र के भैरू महाराज मंदिर के पीछे बन्टी पर विवाद के दौरान किराये से रहने वाली रेखा बाघेला ने ईंट से हमला किया था और उसके पुत्र दीपक और अंकित ने चाकू से वार किये थे। जिसमें बंटी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। उक्त प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक नितेश कृष्णन के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दंडित किया है।

# गिरफ्त में नाबालिग का शोषण करने वाला आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने और शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ अपहरण की धारा के साथ पास्को एक्ट में केस दर्ज कर गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना एएसआई सूर्यप्रकाश तलवैया ने बताया थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग छात्रा कक्षा 10 वीं का अध्ययन कर रही है। 27 अप्रैल को घर से कोचिंग जाने का बोलकर निकली थी। जिसके बाद वापस नहीं लौटी, परिजनों से तलाश के बाद मामले में थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। कुछ दिन बाद नाबालिग को उज्जैन से सकुशल दस्तायब कर लिया गया। उसने अपने बयान में पहले कुछ नहीं बताया लेकिन बाद में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां महिला अधिकारी द्वारा बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उसकी इंस्टाग्राम पर मनोहर शर्मा पिता मोहन शर्मा 21 साल निवासी अमरगढ़ खंडिया, जिला राजगढ़ से पहचान हुई थी। वह उज्जैन महाकाल दर्शन करने आया था उस वक्त झांसा देकर अपने साथ गया था। उसने गलत काम किया और उसका मोबाइल और रुपए भी रख लिये। मामला सामने आने पर मनोहर के खिलाफ अपहरण और पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। जिसे राजगढ़ ब्यावरा से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया और कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# पूरा हुआ ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का पहला चरण




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की सुरक्षा-व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर 21 दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का पहला चरण गुरूवार को पूरा हो गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी पुलिस कर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुलिस सामुदायिक भवन में 21 दिन पहले प्रदेश पुलिस के मुखिया (डीजीपी) कैलाश मकवाना द्वारा सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के साथ भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन को लेकर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ किया था। 21 दिनों तक प्रदेश वरिष्ठ और सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने पुराने अनुभवों के साथ प्रतिभागियों 116 पुलिसकर्मियों को फील्ड पर भौलोगिक स्थिति का अवलोकन कराया और आधुनिक पुलिसिंग, भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता विकास और सिंहस्थ-2028 जैसे विशाल धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का प्रशिक्षण दिया। अभियान का प्रथम चरण पूरा होने पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस साई मनोहर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंव पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन झोन राकेश गुप्ता, पुलिस उपमहानिरीक्षक भोपाल रूचिवर्धन, पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉ एंड आर्डर तरूण नायक, पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक पीटीएस उज्जैन मनीषा पाठक की मौजदूगी में सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 21 दिनों तक ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का अभियान में शामिल होने वाले प्रतिभागी अब अपने-अपने जिलों में जाकर बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने एवं सीखी गई तकनीकों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये पुलिसकर्मियों को प्रेरित करेंगे।

# हिरासत में आये 3 माह से फरार हिस्ट्रीशिटर 2 बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



8 दिनों में 2 लोगों से शराब के रुपए मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले 2 बदमाशों को 3 माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि 17 फरवरी को गोपाल कुंवर पति धीरजसिंह जाति राजपुत 30 साल निवासी ग्राम रसुलाबाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में पडोसी बबलु उर्फ हिम्मतसिंह घर आया और दरवाजे पर लात मारकर बोला कि मैं यहां का गुण्डा हूं गांव में रहना है हर माह 15 सौ रुपए देना पड़ेगें। रुपए देने से मना करने पर उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। गोपाल कुंवर की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ धारा 308 (5),115 (2),296 (बी), 351 (3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। इसी बीच 24 फरवरी को जशोदा बाई पति मदनलाल पंवार 35 साल निवासी ग्राम सनावदा ने शिकायत दर्ज कराई कि रात 2 बजे लालसिंह पिता कृष्णलाल पंवार निवासी सनावदा लठ लेकर आया और घर का दरवाजा जोर जोर से बजाने लगा। दरवाजा खोलने पर बदमाश ने शराब पीने के लिये पैसे मांगे, इतनी रात रुपए मांगने और देने से मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में भी प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों प्रकरण में शामिल बदमाश थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशिटर होकर गुंडा लिस्ट में शामिल थे। जिनकी सरगर्मी से तलाश शुरू की गई। दोनों कस्बे से फरार हो गये थे। गुरूवार को सूचना मिली की दोनों बदमाश कस्बे में दिखाई दिये है। जिनकी गिरफ्तारी के लिये एसआई सौभागसिंह, एएसआई राजेन्द्रसिंह हाडा, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, रामनारायण चौहान, नारायण सरा, अश्विन पाठक और सूर्यकुमार की टीम रवाना की गई। दोनों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। दोपहर में दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार हिम्मतसिंह के खिलाफ 9 संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज है। वहीं आरोपी लालसिंह पंवार जाति मोगिया के खिलाफ 7 मामले पूर्व से दर्ज है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com